रोहतक
बुधवार, 13 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 29, अंक : 194
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 36.2
न्यून. 24.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,235.59 | 368.49 ▼ |
| निफ्टी | 24,487.40 | 97.65 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,01,520/- | 1000/- ▼ |
| चांदी | 1,12,000/- | 2000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.63 | 12 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 66.75 बैरल | 0.18% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

**पुराने वाहन मालिकों के खिलाफ अगले आदेशों तक दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी**

# दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल व 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों पर रोक नहीं

## चार सप्ताह में मांगा जवाब, राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के कारण लगी थी पुराने वाहनों पर रोक

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अधिकारियों को आदेश दिया कि वे उनके खिलाफ अगले आदेशों तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करें। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश को बरकरार रखने वाले 29 अक्टूबर, 2018 के अपने फैसले को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर विचार कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी के आदेश के अनुसार एनसीआर में राज्यों के परिवहन विभागों को 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहनों को सड़कों पर चलने से प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर, एनजीटी ने आदेश दिया था कि 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी डीजल या पेट्रोल वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसका अनुपालन न करने की स्थिति में मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों को जब्त करने सहित उचित कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी ने 26 नवंबर 2014 को कहा था, 'यह निर्देश बिना किसी अपवाद के सभी वाहनों पर लागू होगा, अर्थात दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया, हल्के और भारी वाहन, चाहे वे वाणिज्यिक हों या अन्य।'

### सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश दिए



सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन व न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह आदेश तब पारित किया जब दिल्ली सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से आग्रह किया कि वह कोई दंडात्मक कदम न उठाने का आदेश देने पर विचार करे। पीठ ने कहा, 'नोटिस जारी करें, जिसका 4 सप्ताह में जवाब दिया जाए। इस बीच, हम निर्देश देते हैं कि वाहन मालिकों के खिलाफ इस आधार पर कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए कि उनके डीजल वाहन 10 साल और पेट्रोल वाहन 15 साल पुराने हैं।'

### दिल्ली सरकार ने दी थी चुनौती

दिल्ली सरकार ने 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है।

### एसजी मेहता की दलील

मेहता ने कहा कि घर से अदालत आने जाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा प्रयोग किया जाने वाला वाहन 10 साल में सिर्फ 2,000 किलोमीटर ही चल पाएगा, लेकिन प्रतिबंध के कारण उसे इसे बेचना पड़ेगा। यदि कोई व्यक्ति वाहन को टैक्सी के रूप में उपयोग कर रहा है तो दो वर्षों में यह एक लाख किमी से अधिक चल सकता है, लेकिन फिर भी यह अगले 8 वर्षों तक सड़कों पर दौड़ सकती है।

जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोस में महाभियोग का प्रस्ताव मंजूर, तीन सदस्यीय कमेटी गठित

# आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी : बिरला

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के कई सांसदों के एक प्रस्ताव को मंगलवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की और इसके साथ ही न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। बिरला ने समिति के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए उन्हें न्यायाधीश के पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए।



ओम बिरला



जस्टिस वर्मा

### कमेटी में ये होंगे शामिल

बिरला ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल होंगे। 'समिति यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।

### 146 सदस्यों ने दिया था प्रस्ताव

बिरला ने कहा कि 31 जुलाई को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और सदन में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुल 146 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है, जिसमें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायाधीश जांच अधिनियम 1968 की धारा 3 के साथ संविधान के अनुच्छेद 124 (4) के साथ पठित अनुच्छेदों 217 और 218 के अंतर्गत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को एक समावेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है।

## खबर संक्षेप

### पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के कुलपति बने डॉ. अग्रवाल



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने मंगलवार को डॉ एचके अग्रवाल को 3 वर्षों तक हेल्थ विवि स्थाई कुलपति नियुक्त किया है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की सभी को साथ मिलकर इस संस्थान को नित नई ऊंचाइयों पर ले जाएं और देश के सर्वश्रेष्ठ प्रथम तीन संस्थानों में शामिल करवाएं। डॉक्टर अग्रवाल 6 अप्रैल 2016 को कुलसचिव के पद पर नियुक्त हुए थे, जिस पर उन्होंने 9 साल से ज्यादा कार्य किया और 29 नवंबर 2024 को उन्हें कुलपति के पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। डॉ अग्रवाल को 18 वर्षों से अधिक प्रशासनिक अनुभव है, जिसमें वह विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहे हैं। हरिभूमि न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में सेना के जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास नियमित गश्त के दौरान ढलान से फिसलकर गिरने से सेना के जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मराठा लाइट इन्फैंट्री के सिपाही बी अनिल सीमा चौकी पर गश्त करते समय ढलान से फिसल गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जवान तेलंगाना का रहने वाला था। भाषा

### हमले की योजना बना रहे 5 आतंकी पकड़े

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस पर हमले की योजना बना रहे पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' के आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने राजस्थान से तीन नाबालिगों सहित 5 संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक व्यक्ति बाद में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस के साथ गोलीबारी में घायल हो गया। भाषा

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 3.95% घटकर 6.64 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 3.95% घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। प्रत्यक्ष कर में कंपनियों, व्यक्ति, पेशेवरों और अन्य संस्थाओं की आय पर कर शामिल हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच में अब तक जारी 'रिफंड' 10 प्रतिशत बढ़कर 1.35 लाख करोड़ हो गया। भाषा

## बिहार एसआईआर मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी-आधार नागरिकता का सबूत नहीं

**शीर्ष कोर्ट ने कहा-विशेष गहन पुनरीक्षण का विवाद विश्वास की कमी का मामला प्रतीत हो रहा**

# मतदाता को हटाना व जोड़ना ईसीआई के अधिकार क्षेत्र में

## जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला-गलतियां स्वाभाविक

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मतदाता सूची में नागरिकों या गैर-नागरिकों को शामिल करना या बाहर करना निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में आधार, मतदाता कार्ड को स्वीकार नहीं करने के उसके रुख का समर्थन किया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि विवाद 'मोटे तौर पर विश्वास की कमी का मामला' प्रतीत होता है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने दावा किया कि कुल 7.9 करोड़ मतदाताओं में से करीब 6.5 करोड़ लोगों को कोई दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि वे या उनके माता-पिता 2003 की सूची में शामिल थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी की।



कोर्ट ने कहा, 1 करोड़ गायब होने की बात 'बेकार'

### सत्यापन किया जाना जरूरी

इसके साथ ही शीर्ष कोर्ट ने ईसीआई के इस विचार का समर्थन किया कि आधार को नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए और कहा, इसका स्वतंत्र रूप से सत्यापन किया जाना जरूरी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं से सवाल करते हुए टिप्पणी की कि यह काफी हद तक विश्वास की कमी का मामला प्रतीत होता है, कुछ और नहीं। याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के 24 जून के एसआईआर के फैसले को इस आधार पर चुनौती दी है कि इससे एक करोड़ मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

### सूची की गड़बड़ी सुधार लेंगे : ईसी

चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया है कि उसके पास संविधान के अनुच्छेद 324 और रिप्रेजेंटेशन ऑफ दि पीपुल एक्ट 1950 की धारा 21(3) के तहत मतदाता सूची के निरीक्षण का अधिकार है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि शहरी क्षेत्रों से लोगों का अन्य राज्यों में जाना, जनसांख्यिकी में बदलाव और मौजूदा सूची में गलतियां होने की चिंताओं के कारण एसआईआर किया गया। साथ ही कोर्ट को बताया गया कि गनह परीक्षण करीब 20 सालों से नहीं हुआ है। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी (ईसीआई की ओर से) ने कहा- यह ड्राफ्ट सूची है, इसमें कुछ गड़बड़ियां स्वाभाविक हैं, जिन्हें अंतिम सूची में सुधार लिया जाएगा। इसका उद्देश्य है मतदाता सूची से अयोग्य नामों को हटाकर चुनाव की शुद्धता बढ़ाना। बता दें कि ड्राफ्ट रोल 1 अगस्त को प्रकाशित होगा।

### याचिका में क्या

एडीआर यानी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से दाखिल याचिका में कहा है कि एसआईआर में बगैर तय प्रक्रिया के लाखों नागरिक अपने प्रतिनिधि नहीं चुन पाएंगे। कहा गया है कि इसका असर देश के लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर पड़ेगा।

### कुछ दस्तावेज दिखाने होंगे

पीठ ने याचिकाकर्ता राजद नेता मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, 'यदि 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ मतदाताओं ने एसआईआर पर जवाब दिए हैं, तो इससे एक करोड़ मतदाताओं के लापता होने या मताधिकार से वंचित होने का सिद्धांत ध्वस्त हो जाता है।' अदालत ने निर्वाचन आयोग के इस निर्णय से सहमति जताई कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा और कहा कि इसके समर्थन में अन्य दस्तावेज भी होने चाहिए। सिब्बल ने दलील दी कि निवासियों के पास आधार, राशन और मतदाता पहचान पत्र होने के बावजूद, अधिकारियों ने दस्तावेज स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### बंबई हाईकोर्ट की टिप्पणी

## आधार, पैन और वोटर आईडी रखने से कोई भारतीय नागरिक नहीं बनता

**मुंबई (भाषा)।** बंबई हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा, कोई व्यक्ति सिर्फ आधार कार्ड, पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज रखने से भारत का नागरिक नहीं बन जाता। अदालत ने यह टिप्पणी बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए की। जमानत अर्जी दाखिल करने वाले उक्त व्यक्ति पर जाली और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में एक दशक से भी अधिक समय तक रहने का आरोप है। न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने कहा कि नागरिकता अधिनियम के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि भारत का नागरिक कौन हो सकता है और नागरिकता कैसे प्राप्त की जा सकती है तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज केवल पहचान या सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हैं।

### बांग्लादेशी नागरिक को जमानत से इनकार

अदालत ने कथित बांग्लादेशी नागरिक बाबू अब्दुल रऊफ सरदार को जमानत देने से इनकार कर दिया, जो बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। उसने कथित तौर पर फर्जीवाड़ा कर आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और भारतीय पासपोर्ट जैसे दस्तावेज बनवा लिये थे। न्यायमूर्ति बोरकर ने रेखांकित किया कि 1955 में संसद ने नागरिकता अधिनियम पारित किया, जिसने नागरिकता प्राप्त करने के लिए एक स्थायी और पूर्ण प्रणाली बनाई।

प्रदेश सरकार ने दी बड़ी राहत

# ग्रुप-डी कर्मचारियों को ज्वाइनिंग में देरी पर मिलेगी रुकी हुई सैलरी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने ग्रुप-डी के नए कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। 2023 में भर्ती हुए और 24 दिसंबर, 2024 को पोस्टिंग पाने वाले कर्मचारियों को अब नौकरी ज्वाइन करने में देरी की वजह से रुकी हुई सैलरी मिल जाएगी। सरकार ने कहा है कि जिस दिन उन्हें पुराने ऑफिस से रिलीव किया गया था, वही उनकी ज्वॉइनिंग डेट मानी जाएगी। इससे उनकी नौकरी पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। रुकी हुई सैलरी एक साथ आएगी। इसे लेकर मानव संसाधन विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। 2023 में एचएसएससी ने ग्रुप-डी के 13,536 पदों के लिए नोटिफिकेशन निकाला था। इसके लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) हुआ था।

### यह आ रही थी दिक्कत

- कुछ नए कर्मचारियों को नौकरी मिलने के बाद भी ज्वाइनिंग करने में दिक्कत आ रही थी। इसकी वजह से हरियाणा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर विभागों में पद खाली नहीं थे, पद के नाम में कुछ गड़बड़ थी या फिर कुछ तकनीकी परेशानियां थीं। इस वजह से कर्मचारियों को पुराने ऑफिस से तो रिलीव कर दिया गया, लेकिन नए विभाग में ज्वाइन करने में समय लग गया।
- 9 अप्रैल, 2025 को सरकार ने कहा कि इन कर्मियों को उसी जिले में कहीं और नौकरी दी जाए, लेकिन पुराने ऑफिस से रिलीव होने और नए ऑफिस में ज्वाइन करने के बीच का जो समय था, उस दौरान की सैलरी नहीं मिल पा रही थी, जिससे कर्मियों को पैसे की दिक्कत हो रही थी।

### गैप टाइम को नौकरी का समय माना जाएगा

परेशानियों के बाद मानव संसाधन विभाग ने साफ कर दिया है कि कर्मियों को पुराने ऑफिस से रिलीव होने और नए ऑफिस में जॉइन करने के बीच का जो समय था, उसे भी नौकरी का समय माना जाएगा व उसकी सैलरी भी मिलेगी।

# करनाल में शादी से तीन माह पहले युवती अगवा

**युवक थप्पड़ मारकर घसीटते हुए ले गए** | **लड़की की मां बोली बहाने से बुलाया और वारदात की** | **लड़की की इसी वर्ष 12 नवंबर को होनी है शादी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल में दिनदहाड़े एक युवती का अपहरण कर लिया गया। परिवार का आरोप है कि एक 12 साल की लड़की उनके घर पर कमरा देखने के बहाने से आई थी। युवती की मां ने बताया कि उसकी बेटी और कमरा देखने आई लड़की गली में खड़ी होकर बात करने लगी, तभी पास में ही एक कार से दो युवक बाहर निकले और उन्होंने पहले उसकी बेटी को थप्पड़ मारे और फिर जबरन कार में डालकर ले गए। आसपास के लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद आरोपित उसकी बेटी को लेकर वहां से फरार हो गए। वारदात की सूचना के 20 मिनट बाद पुलिस पहुंची और इलाके में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आरोपितों का कोई सुराग नहीं लगा। परिवार का कहना है कि उनकी बेटी की 12 नवंबर को शादी है। इससे पहले ही उसका अपहरण कर लिया गया।

**कई टीमें तलाश कर रही, जल्द गिरफ्त में होंगे आरोपित : डीएसपी**

### पहले से ही गली में खड़े थे युवक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे जनकपुरी के पास गोशाला रोड पर हुई। वारदात से पहले ही गली में एक काले रंग की कार खड़ी थी, जिसमें 3 लोग सवार थे। उनमें से एक कार में ही बैठा रहा, जबकि 2 युवक नीचे उतरे और घर के बाहर खड़ी लडकी को पकड़ लिया।

### युवकों ने लोगों से भी मारपीट की

युवती ने विरोध किया तो आरोपितों ने उसका गला पकडकर थप्पड़ मारना शुरू कर दिया और जबरदस्ती कार में धकेल दिया। यह देखकर लोग एकत्र हो गए और उन्होंने आरोपियों को रोकने और युवती को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपित युवती को कार में डालकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को बुलाया गया, जो युवती के परिजनों को थाने ले गई।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

सदर बाजार चौकी इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया कि गौशाला रोड से एक लडकी के किडनैपिंग की शिकायत मिली है। चारों तरफ नाकेबंदी कर दी गई है। हाईवे से लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। युवती को ढूंढने के लिए पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल किडनैपिंग के कारणों का अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है।

शीर्ष कोर्ट का फैसला

## राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश सजा पूरी कर चुके कैदियों को रिहा करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद कैदियों की स्थिति पर मंगलवार को चिंता व्यक्त करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि अगर कोई दोषी किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे रिहा किया जाता है।

**नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को रिहा किया**

केंद्र सरकार ने दी जानकारी

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मंगलवार को संसद को बताया कि केंद्र सरकार की गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए कोई कानून बनाने की योजना नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बघेल ने कहा, नहीं। संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के अंतर्गत, पशुओं का संरक्षण एक ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है।'

**पशुओं के संरक्षण पर राज्यों को कानून बनाने का अधिकार**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

## हम तो केवल अरावली की पहाड़ियों को बचाना चाह रहे

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसकी रुचि अधिकारियों को फटकार लगाने में नहीं है, बल्कि अरावली की पहाड़ियों को बचाना चाह रहे हैं। न्यायालय ने पहाड़ियों की समान परिभाषा को लेकर रिपोर्ट जमा करने के लिए समिति को दो माह का समय और दे दिया। कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला में अवैध खनन से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए पिछले वर्ष मई में विभिन्न राज्यों द्वारा अरावली की अपनाई गई अलग-अलग परिभाषाओं को रेखांकित करते हुए प्रमुख मुद्दा बताया था। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में अरावली की पहाड़ियां फैली हैं ।

**अदालत ने कहा, अधिकारियों को फटकार लगाने में रुचि नहीं**

## 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय रेलवे देश भर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद को दी गई। रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को समाप्त करना है। भारतीय रेलवे के लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा 4जी/5जी कवरेज प्रदान किया जा रहा है। इन नेटवर्क का उपयोग यात्री डेटा कनेक्टिविटी के लिए भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर अनुभव मिल रहा है। इसके अलावा, रेलवे द्वारा 6,115 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवाएं भी प्रदान की गई हैं।

**फैसला** केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी, 4594 करोड़ निवेश करेगी सरकार

*लखनऊ में मेट्रो के अगले चरण को भी मंजूरी दी*

# पंजाब समेत तीन राज्यों में लगेंगे चार नए सेमीकंडक्टर प्लांट्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगे। इससे घरेलू चिप उत्पादन, पैकेजिंग और एडवांस्ड मटेरियल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दो हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश के शियोमी जिले में 8,146 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 700 मेगावाट की तोतो-2 हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इसे पूरा होने में करीब 72 महीने लगेंगे।

### 12 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे

एक अन्य बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.165 किमी लंबाई वाली लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेज-1बी को मंजूरी दी है। इसके तहत 12 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे और जिसके लिए 5,801 करोड़ की मंजूरी दी है। लखनऊ में मेट्रो की बहुत जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत स्वच्छ विकास और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्ध है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है।

### विनिर्माण इकाइयों से रोजगार बढ़ेगा

कैबिनेट ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 4और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। स्वीकृत प्रस्ताव एसआई सी एसईएम, कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , 3डी ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज से जुड़े हैं। ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन पर लगभग 4,600 करोड़ का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा।

### अरुणाचल में जल विद्युत परियोजना

कैबिनेट ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-2 जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य 700 मेगावाट (4 गुणा175 मेगावाट) की क्षमता स्थापित करना है। जो 2738.06 एमयू ऊर्जा का उत्पादन करेगी।

## खबर संक्षेप

### दो आईएएस अधिकारियों का तबादला किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से दो आईएएस अधिकारियों के नियुक्ति एवं तबादला आदेश जारी किए हैं। सहकारिता विभाग और कार्मिक (नियुक्ति) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा प्रस्तावित हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड ओएसडी विजयेंद्र कुमार को हरियाणा सैनिक एवं अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। दुष्मंता कुमार बेहरा को हरियाणा के राज्यपाल का सचिव नियुक्त किया गया है। उनके पास विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक तथा सचिव कार्यभार भी रहेगा।

### पर्यटन मंत्री ने वेबसाइट लॉन्च की

चंडीगढ़। हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वेबसाइट प्रदेश की पुरातात्विक विरासत को देश-दुनिया के सामने पहुंचाने का मंच साबित होगी। यह डिजिटल पहल विरासत संरक्षण में तकनीक के सफल समावेशन का प्रतीक है।

## हरियाणा में आधारभूत संरचना को मिलेगा बढ़ावा, एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में कई निर्णय

# पानी, स्वच्छता, औद्योगिक विकास और यातायात सुविधा पर 523 करोड़ रुपये खर्च होंगे, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को देर शाम हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना और जनसुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन परियोजनाओं पर कुल 523 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे जल आपूर्ति, स्वच्छता, औद्योगिक ढांचा, यातायात सुविधा और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

बैठक में परिवहन मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 13 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार होगा, बल्कि औद्योगिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधाओं में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### बादशाहपुर में 58 करोड़ से एसटीपी

बैठक में बादशाहपुर, फरीदाबाद में 45 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) एवं टर्शरी ट्रीटमेंट यूनिट के निर्माण को स्वीकृति दी गई, जिसकी अनुमानित लागत 58 करोड़ रुपये है। यह परियोजना शहरी क्षेत्र में स्वच्छता एवं जल पुनर्चक्रण के प्रयासों को मजबूती देगी। जल आपूर्ति प्रणाली को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से मास्टर रेनीवेल लाइन के संचालन और रखरखाव के लिए भी कॉन्ट्रैक्ट को स्वीकृति दी गई। इस परियोजना में 22 रेनीवेल, 160 ट्यूबवेल, पंपिंग मशीनरी, विद्युत उपकरणों एवं अन्य आवश्यक संरचना के रखरखाव और मरम्मत कार्य शामिल हैं, जिनपर लगभग 25 करोड़ रुपये लागत आएगी।



### यहां 104 करोड़ खर्च

बैठक में गुरुग्राम के नए सेक्टर 76-80 में मास्टर स्ट्रॉम वाटर ड्रेन के निर्माण के लिए 104.95 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए, जिससे वर्षा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इसके अलावा, सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए केएमपी एक्सप्रेसवे के मानेसर-पलवल खंड (लगभग 60 किलोमीटर) की मरम्मत पर 48 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

**औद्योगिक क्षेत्र**

### प्रदूषण नियंत्रण पर जोर दिया

औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, बरवाला, पंचकूला में 3 एमएलडी क्षमता का सीईटीपी स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 17.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं, इसी प्रकार, आईएमटी, फरीदाबाद में 10.5 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी की स्थापना के लिए 44 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। बैठक में भंडारण ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए, एफएसडी परिसर, मेहुवाला, जिला फतेहाबाद में 37,884 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों एवं संबद्ध कार्यों की स्थापना हेतु 15.85 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। साथ ही, पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कुटेल, करनाल में प्राइवेट वार्ड के निर्माण और अन्य कार्यों के लिए भी 30.44 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

# सुंदरता को लगेंगे पंख, शहरों के लिए 342 करोड़ के प्रोजेक्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए अधिकारियों को राज्य में सिविल कार्यों के लिए टेंडर फ्लोट करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पंचकूला में शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 342 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 11 करोड़ 90 लाख रुपये की बचत की गई।

### करनाल-रोहतक-गुरुग्राम

बैठक में करनाल नगर निगम में दिव्य नगर योजना के तहत प्रमुख सड़क खंडों के विकास एवं सौंदर्यीकरण, पार्कों और चौकों के आधुनिकीकरण के लिए 15.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। डेयरी कॉम्प्लेक्स, कन्हेली रोड, रोहतक में 13.92 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई, जिससे स्थानीय गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। गुरुग्राम में श्री माता शीतला देवी श्राइन परिसर के पुनर्विकास के लिए 13.50 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।

### नरवाना-यमुनानगर-फतेहाबाद-हिसार-रेवाड़ी-टोहाना

बैठक में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए घर-घर कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन और निस्तारण के संबंध में भी विभिन्न कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें, नरवाना नगर परिषद में 9.18 करोड़ रुपये, नगर निगम रोहतक में 85.90 करोड़ रुपये, नगर निगम यमुनानगर में 21.97 करोड़ रुपये, फतेहाबाद नगर परिषद में 10.45 करोड़ रुपये, नगर निगम हिसार में 56.95 करोड़ रुपये, नगर निगम मानेसर में 64 करोड़ रुपये, टोहाना नगर परिषद में 9.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, रोहतक नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण तथा रेवाड़ी नगर परिषद में लीगेसी वेस्ट के हेतु भी क्रमशः 25.96 करोड़ व 15.28 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

# राज्यपाल अंबाला, सीएम रोहतक में करेंगे ध्वजारोहण

**चंडीगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष अंबाला में जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोहतक में ध्वजारोहण करेंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज अंबाला में राज्यपाल के साथ ध्वजारोहण में शामिल होंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पूरे राज्य में ध्वजारोहण सुबह 9.00 बजे होगा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण पानीपत जबकि विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार मिड्ढ़ा सोनीपत में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार थानेसर/कुरुक्षेत्र, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह रेवाड़ी और स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा कैथल तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा गुरुग्राम जबकि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा फतेहाबाद में मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार हिसार, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी पंचकूला और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव नूंह में ध्वजारोहण करेंगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर सिरसा और युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम फरीदाबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।




## हरियाणा में शुरू होगा एग्रीस्टैक सेल

**चंडीगढ़।** हरियाणा की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सरकार की एग्रीस्टैक पहल के व्यापक क्रियान्वयन की योजना साझा की। इस योजना के अंतर्गत एग्रीस्टैक सेल का गठन किया जाएगा, जो इस पहल की निगरानी और समन्वय का कार्य करेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि तीन माह में डिजिटल फसल सर्वे का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही किसान रजिस्ट्री तैयार की जाएगी, जिससे राज्य के सभी किसानों का सटीक डेटाबेस उपलब्ध होगा। एग्रीस्टैक पहल के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक जिले में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका लोहारू में वर्तमान में दो पार्क हैं जिनकी देखभाल के कार्य हेतू अलग से कोई प्रबंध नहीं किया गया है तथा नगरपालिका लोहारू द्वारा अपने स्तर पर सफाई कर्मचारी नियुक्त कर पार्को का रख रखाव करवाया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के पत्र कमाकं ई ई-4/डीयुएलबी/2022/6995 दिनांक 13.12.2022 के तहत सरकार द्वारा पार्को / ग्रीन बेल्ट आदि के रख रखाव हेतु नीति तैयार की गई है जिसमें उपरोक्त का रख-रखाव एन.जी.ओ/आर.डब्ल्यु.ए आदि द्वारा किया जाना है। अतः इस सूचना के अनुसार आपको अवगत करवाया जाता है कि संबंधित एन.जी.ओ/आर.डब्ल्यु.ए जो उक्त कार्य करना चाहती हैं इस बारे में अपनी उपस्थित नगरपालिका लोहारू में दस्तावेजो सहित निविदाएं यह सूचना प्रकाशित होने के 07 दिन के अन्दर अन्दर दे सकती हैं। कार्य की प्राथमिकता के आधार पर एन.जी.ओ/आर. डब्ल्यु.ए को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

प्रधान — सचिव
नगरपालिका लोहारू — नगरपालिका लोहारू



**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) आयरन एवं स्टील। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 21.08.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। तकनीकी बोलियां 21.08.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी और वाणिज्यिक बोलियां 21.08.2025 को पूर्वा. 9.40 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 21.08.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद-1039/11/93/2026/37581/सी/88/6 दि. 12.08.25 — हस्ता/- प्रबंध निदेशक



**कार्यालय मार्किट कमेटी नरवाना (जीन्द)**

**खुली बोली बारे सूचना**

दुरभाषः- 98129-00897

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी नरवाना के अधिसूचित क्षेत्र के अधीन आने वाली सभी अनाज मण्डियों से फसलों की सफाई उपरान्त निकलने वाले झार-फूस (कबाड़) उठाने का ठेका वर्ष 2025-26 हेतू (दिनांक 25-08-2025 से 31-07-2026 तक) खुली बोली के आधार पर दिनांक 25-08-2025 को कार्यालय मार्किट कमेटी नरवाना में दोपहर बाद 01:00 बजे दिया जाएगा। प्रत्येक बोली दाता को बोली में सम्मलित होने के लिए दिनांक 07-08-2025 को 2,00,000/- रूपए (दो लाख रू०) बतौर धरोहर राशि बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा (मार्किट कमेटी नरवाना के नाम देय ड्राफ्ट) बोली शुरू होने से पहले कार्यालय मार्किट कमेटी नरवाना में दिनांक 25-08-2025 को दोपहर बाद 12:00 बजे तक जमा करवानी होगी। बोली प्रक्रिया के बाद सफल बोलीदाता को छोडकर असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि तुरंत वापिस कर दी जाएगी। ठेके से सम्बन्धित शर्तों एवं अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी नरवाना में सम्पर्क कर सकते हैं। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/- — हस्ता/-
सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी — प्रशासक
मार्किट कमेटी, नरवाना — मार्किट कमेटी, नरवाना

संवाद 1284/11/931/2026/37574/C/88/6 दि. 12.08.2025



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1390

मनकि रणबीर पुत्र श्रीचन्द पुत्र रतीराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 342/286, खाता न0 353, मु0 न0 83, किला न0 12(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला का 1/4 भाग, बकदर 2 कनाल 0 मरला व खेवट न0 344/286, खाता न0 355, मु0 न0 54, किला न0 8(3–18), 9(3–7), 10(1–18), 11(8–0), 12(8–0), 13/1(6–12), किते 6, तादादी रकबा 31 कनाल 15 मरले का 1/4 भाग, बकदर 7 कनाल 18.75 मरले व खेवट न0 841/711मिन, खाता न0 869, मु0 न0 73, किला न0 23(8–0), मु0 न0 78, किला न0 3/1(0–18), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 18 मरले का 1/2 भाग, बकदर 4 कनाल 9 मरले (जिसमें रणबीर पुत्र श्रीचन्द पुत्र रतीराम 1/2 भाग व हिमचन्द्र – मनोज पुत्रान दिलबाग पुत्र श्रीचन्द हर दो समभाग 1/2 भाग में गैर मौरूसियान दर्ज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 14 कनाल 7.75 मरले (1.7984375 एकड़) का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 83, किला न0 12 मिन उत्तर (2–0), मु0 न0 54, किला न0 9 मिन पूर्व (2–8.75), 12 मिन पूर्व (5–10), मु0 न0 73, किला न0 23 मिन उत्तर (4–9), किते 4, तादादी रकबा 14 कनाल 7.75 मरले (1.7984375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 12.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


# एचएसएससी ने मेरिट को अनदेखा करके टीजीटी उर्दू के 12 पदों पर नियुक्ति की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

- हाई कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए सरकार से मांगा जवाब

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) उर्दू भर्ती मामले में आदेश जारी करते हुए 12 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी है। ये पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से सामान्य (जनरल) कैटेगरी में ट्रांसफर किए गए थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता राजत मोर ने अदालत को बताया कि एक विज्ञापन के तहत 21 फरवरी 2023 को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) उर्दू के पद के लिए आवेदन मांगे गए थे। अंतिम परिणाम 27 जुलाई 2024 को घोषित हुआ, जिसमें ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के कुल 12 पद अन्य हरियाणा में 2 और मेवात कैडर में 10 खाली रह गए। 25 फरवरी 2019 की अधिसूचना के अनुसार, इन रिक्त पदों को जनरल कैटेगरी में ट्रांसफर कर मेरिट के आधार पर भरा जाना था, भले ही उम्मीदवार किसी भी कैटेगरी से हों। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि आयोग ने इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया और सभी 12 पद केवल जनरल कैटेगरी के ऐसे उम्मीदवारों से भर दिए जिनके अंक, कई आरक्षित वर्ग (बीसी-बी समेत) के उम्मीदवारों से कम थे। सही प्रक्रिया अपनाई जाती तो याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति का अवसर मिल सकता था। मामले में पहले भी 16 जनवरी, 2025 को हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि सरकार नियमों के अनुरूप आदेश पारित करेगी। लेकिन आयोग ने आदेश की पालना नहीं की तो उम्मीदवारों ने याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने 16 जुलाई, 2025 का आदेश पेश किया, जिसमें 12 सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के चयन की सिफारिश की गई थी।

### नियुक्तियां नहीं होंगी

जस्टिस त्रिभुवन दहिया की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए 16 जुलाई, 2025 को घोषित परिणाम के अनुसार नियुक्ति पत्र जारी करने पर रोक लगा दी। साथ ही सरकार को नोटिस जारी कर 26 सितंबर, 2025 तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान इन 12 पदों पर नियुक्तियां नहीं होंगी।

### अवैध गर्भपात अब तक 120 से अधिक एफआईआर दर्ज

चंडीगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव के निर्देशानुसार हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के लिए गठित राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक आज यहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हरियाणा में इस साल अवैध गर्भपात प्रथाओं, जिनमें एमटीपी किट की अवैध बिक्री भी शामिल है, के संबंध में 120 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से 39 मामलों में अदालत में चालान पेश किया जा चुका है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 218 दिनांक 15.07.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बहालगढ जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**
नाम- गुलनाज खातून ।
पति का नाम मो. उनैद आंसरी।
पता - गाँव रूनि सैदपुर वार्ड न. 9 थाना सैदपुर जिला सीतामढी बिहार हाल पता इन्द्रा कालोनी जिला सोनीपत ।
उम्र- 21 वर्ष
कद- 5.2 फुट ।
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, दुबला पतला शरीर हैं।
पहनावा- महेन्दी रगं का सूट व सलवार व पैरो में लाल रंग के सैन्डल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 15.07.2025 को गुलनाज खातून पत्नि मो. उनैद आंसरी गाँव रूनि सैदपुर वार्ड न. 9 थाना सैदपुर जिला सीतामढी बिहार हाल पता इन्द्रा कालोनी जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी हैं। अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना बहालगढ न0 7419410539
अनुसंधान कर्ता सुरेन्द्र मो० न0 - 8607211721
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस समापन
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3740/2026/37573/88/6 दि. 12.08.2025



सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
The Innovation Engine of India

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**विज्ञापन सं. 04/2025**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-केन्द्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएसएम सीआरआई), भावनगर एवं सीएसआईआर-केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएपी), लखनऊ के निदेशक के पदों हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 04/2025 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 20/09/2025 को अथवा उससे पहले भेजें ।

CBC-36202/11/0016/2526



**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण**
HSVP
पता : सी-3, एचएसवीपी एचक्यू, सेक्टर-6, पंचकूला
वेबसाइट : www.hsvphry.org.in, टोल फ्री नं. : 1800-180-3030
ई-मेल आईडी : caohqhsvp1@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

**06.07.2020 के पश्चात ई-नीलामी के निरस्त किए गए आवासीय प्लॉट्स को नियमित करने के लिए एमनेस्टी स्कीम**

1) एचएसवीपी ने समय-समय पर इसकी ई-नीलामी नीतियों को क्रियान्वित किया है, जिन्होंने संगठन के वित्तीय पुनरोत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ये नीतियां एचएसवीपी की सम्पूर्ण स्थिरता और विकास के लिए योगदान करने में सम्पत्तियों को नीलाम करने और राजस्व जनरेट करने के लिए एक संरचनात्मक और पारदर्शी व्यवस्था प्रदान करती है।
2) चूंकि, समय-समय पर जारी की गई ई-नीलामी नीतियां आशय पत्र के स्वतः निरस्तीकरण सहित जमा की गई राशि जब्त करना उल्लेखित किया गया, यदि एलओआई के नियम एवं शर्तों के अनुरूप प्लॉट की प्रारम्भ में जमा की गई 25% कीमत के पश्चात ; जोनिंग, विकास कार्य, किश्तों का कार्यक्रम के सम्बन्ध में विवाद तक सीमित नहीं है, समेत किसी कारण के लिए निर्धारित समय के अंदर प्रस्तुत की गई बोली के अनुरूप प्लॉट की 75% कीमत जमा नहीं करवाई जाती है।
3) चूंकि, यह आकलन किया गया कि प्लॉट की कीमत की 75% राशि इस प्रकार नहीं जमा करवाने के कारण, 06.07.2020 के पश्चात समय-समय पर आयोजित की गई ई-नीलामी के माध्यम से बेचे गये बड़ी संख्या में प्लॉट्स निरस्त कर दिये गये जिसके कारण जमा की गई राशि जब्त हो गई और बहुत से मामलों में, ऐसे बोलीदाता या तो आशय पत्र (एलओआई) की बहाली अथवा जब्त की गई राशि की वापसी के लिए याचिका करते हुए एचएसवीपी एक्ट 1977 के तहत माननीय न्यायालयों / प्राधिकरणों के पास पहुंच गये।
4) चूंकि, एचएसवीपी 18% वार्षिक की दर से विलम्ब ब्याज सहित उनकी बकाया राशि जमा करवाने के लिए निर्देशों दिनांक 10.02.2023 और दिनांक 03.05.2023 के तहत 22.06.2021 से 31.03.2023 की अवधि के दौरान ई-नीलामी के माध्यम से बेचे गये प्लॉट के सम्बन्ध में निर्धारित अवधि के अंदर देय राशि जमा करवाने में विफल रह चुके ऐसे बोलीदाताओं को एमनेस्टी स्कीम लागू करके पूर्व में अवसर प्रदान कर चुका था।
5) चूंकि, जब्त की गई राशि, जो कुछ मामलों में बहुत अधिक थी, को वापस मांगने के लिए मुकदमा अमल में लाने के अतिरिक्त, बकाया राशि जमा करवाने के लिए एक बारगी अवसर प्रदान करने के लिए आवासीय प्लॉट्स के बहुत से बोलीदाताओं से कुछ अभ्यावेदन प्राप्त किए गए। इसलिए, प्राप्त किए गए आग्रहों और लम्बित मुकदमों पर भी विचार करते हुए, सभी बोलीदाताओं, जिन्होंने 06.07.2020 के पश्चात से स्कीम की घोषणा तक समय-समय पर आयोजित ई-नीलामी में भाग लिया और आवासीय प्लॉट्स खरीदे थे, को एमनेस्टी स्कीम को लागू करके एक ओर अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया।
6) चूंकि, इस स्कीम के तहत लाभ लम्बित मुकदमें के डीहर्स अथवा निर्णित मुकदमे के अन्तिम परिणाम पर लागू होगा। बोलीदाता किसी भी कोर्ट ऑफ लॉ, एचआरईआरए, उपभोक्ता न्यायालय इत्यादि में लम्बित सभी कोर्ट केसों को वापस लेंगे और एचएसवीपी को किन्हीं कानूनी प्रभावों से बचाना होगा। ऐसे बोलीदाता जो पूर्ववर्ती स्कीम के लाभ उठाने में विफल रहे हैं, भी स्कीम के तहत पात्र होंगे, यद्यपि उन्हें उच्चतर ब्याज दर अर्थात 24% वार्षिक वहन करना होगा।
7) एमनेस्टी स्कीम का लाभ उठाने की विस्तृत शर्तें और संपत्तियां जिसके लिए एमनेस्टी स्कीम प्रारम्भ की गई है, की सूची साइट www.hsvphry.org.in पर उपलब्ध है। यदि कोई बोलीदाता जो पात्रता मानदंड पूर्ण करता है, सूची में उल्लेख करने से रह गया है, को ई-नीलामी सैल के पास इस सूचना के जारी होने के 10 दिन के अंदर सम्पर्क करना होगा। किसी प्रश्न के मामले में, बोलीदाता / आवंटी eauctioncell.hsvp@gmail.com पर इसे भेज सकता है।

दिनांक : 12.08.2025 — मुख्य प्रशासक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला

संवाद-1083/11/243/2026/37580/सी/88/6 दि. 12.08.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (एचआईपीए), प्लॉट नं. 76, सेक्टर-18, गुरूग्राम | एचआईपीए मेस निविदा। | 07.08.2025 06.09.2025 | 1.50 लाख | https://hipaco.inhttps:// etenders.hry.nic.in/ | 9999330686 rekhad@hipa.in |
| 2 | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (एचआईपीए), प्लॉट नं. 76, सेक्टर-18, गुरूग्राम | एचआईपीए नेटवर्क का एएमसी। | 06.08.2025 05.09.2025 | शून्य | https://hipaco.inhttps:// etenders.hry.nic.in/ | 9999330686 rekhad@hipa.in |
| 3 | हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला, हरियाणा | एचपीएससी में हाउसकीपिंग और मैन पावर सेवाओं के लिए निविदा, 1. स्वीपर, 2. सिक्योरिटी सर्विसेज, 3. एमटीएस, 4. ड्राईवर, 5. चपरासी। | 12.08.2025 01.09.2025 | 40 लाख | http://hpsc.gov.in/en-us/ www.etenders.hry.nic.in | 0172-2560752 Info.hpsc@gmail.com |
| 4 | हरियाणा रोडवेज, अम्बाला | अम्बाला बस स्टैंड में निविदा सूचना विज्ञापन / होर्डिंग। | 25.07.2025 18.08.2025 | तीन वर्ष हेतु 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467533200 gmhramba@gmail.com |
| 5 | वन विभाग, सिरसा | नाथूसरी, गोरीवाला और ओढ़ां ब्लॉक में नये प्लांटेशन कार्य। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | 24,47,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 6 | लोनिवि (भ व प), विभाग, पलवल | पलवल जिले में पलवल में राजकीय सिविल हस्पताल के परिसर में आंतरिक सड़कों पर चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.08.2025 | 2,00,23,851/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि (भ व प), हिसार | सिरसा जिले में एसडीसीएच, डबवाली के पुराने भवन में ई.आई. की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 08.08.2025 21.08.2025 | 28,04,451/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | मानसिक रूप से विकलांग बच्चों हेतु अर्पण संस्थान / मानसिक रूप से विकलांग वयस्क व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु श्रवण केंद्र | अर्पण और श्रवण केन्द्र, रोहतक में रहने वाले लगभग 40 विद्यार्थियों के लिए मेस सुविधा (आवासीय सुविधा)। | 13.08.2025 03.09.2025 | 50000/- | www.shravanorg.com/ | 8307434351 dsworoh@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/37618/I/88/6 दि. 12.08.25

## खबर संक्षेप

### गुरुग्राम: युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट वगैरह नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बिलासपुर एरिया के गांव भौंडा खुर्द में रहने वाले 37 साल का रामबीर पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके चलते वह कोई काम भी नहीं करता था। रविवार दोपहर को उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु कर दी।

### विवाद में सिक्योरिटी गार्ड पर तानी पिस्टल

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुडग़ांव की एक हाई-प्रोफाइल रेजिडेंशियल सोसाइटी में कार निकालने को लेकर हुई बहस में एक रेजिडेंट ने सिक्योरिटी गार्ड पर पिस्टल तान दी। सोसाइटी के मुख्य गेट पर हुई इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वहीं मामले में अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। जिसके चलते फिलहाल मामला दर्ज नहीं हो सका है। पुलिस शिकायतकर्ता से संपर्क करने का प्रयास पुलिस कर रही है।

### ट्रेडिंग के नाम एमबीए पास युवक से 38.87 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में गोल्ड ट्रेडिंग के नाम एमबीए कर चुके युवक से 38,87,659 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले में युवक को फेसबुक पर एक युवती ने पहले अपना फ्रेंड बनाया और उसके बाद झांसे में लेकर निवेश कराया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

### कार सर्विस सेंटर पर करंट से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में सर्विस सेंटर पर कार की धुलाई करने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। दरअसल, यूपी के अमेठी निवासी अरुण गुडग़ांव के बाबड़ा बाकीपुर गांव में कार सर्विस सेंटर पर काम करता था। वह सोमवार को कार की धुलाई कर रहा था। इसी दौरान वह मोटर के पास जाकर पानी का प्रेशर कम करने लगा तो मोटर में करंट लगने से बेसुध हो गया। सर्विस सेंटर के अन्य कर्मियों ने उसे आरवी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## गुहला चीका हेड पर 17710 क्यूसेक पानी का बहाव किया दर्ज


# पहाड़ों पर लगातार बरसात से घग्घर का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन सतर्क

■ मौसम विभाग का दो दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी, घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 21,000 क्यूसेक

हरिभूमि न्यूज >> फतेहाबाद

हिमाचल की शिवालिक की पहाड़ियों में हो रही लगातार बारिश के कारण फतेहाबाद के जाखल क्षेत्र से गुजरने वाली घग्घर नदी का जलस्तर लगातार बढ़-घट रहा है। सिंचाई विभाग की मंगलवार शाम की रिपोर्ट के अनुसर घग्घर नदी के गुहला चीका में 16940, खनौरी में 6200 व चांदपुरा में 3750 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रहे पानी के जल स्तर से प्रशासन सतर्क हो गया है। बता दें कि मंगलवार सुबह 6 बजे की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका हेड पर 17710 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 7000 व चांदपुरा में 4150 क्यूसिक पानी का बहाव था। मिली जानकारी के अनुसार, घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 21,000 क्यूसेक है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसको देखते हुए स्थानीय किसान और स्थानीय निवासी चिंतित हैं। जुलाई 2023 में आई बाढ़ से हुए नुकसान की यादें अभी भी क्षेत्रवासियों के जेहन में ताजा हैं। सिंचाई विभाग ने घग्घर में घग्घर में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना बनाई जा रही है। इस समय रंगोई नाला की क्षमता 6,000 क्यूसेक है। बता दें कि बीते वर्ष रंगोई नाला टूट गया था, जिससे पानी फतेहाबाद के गांवों की ओर आ गया। दरअसल फतेहाबाद के जाखल खंड के शक्करपुरा गांव के पास हुई, जहां नाले में 100 फुट की दरार आ गई। नाले की क्षमता 8500 क्यूसेक है, लेकिन 48 घंटों में इसमें 13000 क्यूसेक से अधिक पानी आ गया था। जिसके कारण नाले में यह दरार आई थी। इससे फतेहाबाद और रतिया क्षेत्र के गांवों में पानी भर गया था। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ हो इससे पहले भी कई बार इसके टूटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ आ जाती है।

**घग्घर नदी में लबालब भरा पानी**



### बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार

टोहाना के एसडीओ संजीव सिंगला ने बताया कि प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह सक्रिय है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने और आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

### जुलाई से लगातार घट बढ़ रहा जलस्तर

एक जुलाई को गुहलाचीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहलाचीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहलाचीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। इसके बाद घग्घर के जलस्तर में कमी आने लगी थी। अब पहाड़ों में फिर से बरसात व बादल फटने से घग्घर का जलस्तर तेजी से बढने लगा है। 6 अगस्त को सुबह गुहला चीका हेड पर 16016 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 3790 व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक पानी का बहाव था जबकि शाम को गुहला चीका में 19096, खनौरी में 4150 व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया। अब 12 अगस्त को सुबह गुहला चीका हेड पर 17710 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 7000 व चांदपुरा में 4150 क्यूसिक पानी का बहाव था जबकि शाम को गुहला चीका में 16940, खनौरी में 6200 व चांदपुरा में 3750 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया।







**राजस्थान बॉर्डर पर घटना, भारी पुलिस बल तैनात**

# नूंह: दो समुदायों में हिंसक झड़प तीन घायल, कई वाहन जलाए

हरिभूमि न्यूज >> नूंह

नूंह जिले के गांव मुंडाका और राजस्थान के हाजीपुर गांव के बीच मंगलवार को गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों समुदायों में हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी शुरू हो गई। इस घटना में तीन लोगों के घायल होने की खबर है।

घटना के दौरान एक से अधिक वाहनों को आग के हवाले किया गया। सामने आए दो वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर अफरातफरी मची हुई है, दर्जनों युवक शोर-गुल करते नजर आ रहे हैं और लपटों में घिरे वाहन धू-धूकर जल रहे हैं। चारों तरफ हड़कंप का माहौल था और लोग इधर-उधर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही हरियाणा और राजस्थान दोनों राज्यों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए स्थिति को काबू करने का प्रयास किया। झड़प के बाद सड़क पर जाम की स्थिति भी बन गई थी, जिसे पुलिस ने हटवाया। अभी सिर्फ एक तरफ से इस विवाद में हरियाणा के रहने वाले चुन्नी लाल, गोपाल,बबली लेखराम, नेमचंद ,बच्चू ,बीरसिंह आदि की घायल होने की खबर है। दूसरे पक्ष कितने घायल हुए हैं अभी जानकारी नहीं है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। घटना के बाद से बॉर्डर क्षेत्र में तनाव का माहौल है और आसपास के गांवों में भी चहल-पहल बढ़ गई है।

# सिरसा: कपल ने होटल में किया सुसाइड, युवक दुकानदार और युवती सेकेंड ईयर की छात्रा

■ अभी सुसाइड करने का कारणों का खुलासा नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज >> सिरसा

शहर के एक होटल में युवक-युवती द्वारा सुसाइड करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी सुसाइड करने का कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं। जानकारी के अनुसार सिरसा जिला के मौजूखेड़ा निवासी सुरेंद्र व सिरसा के एक कॉलेज में अध्यनरत युवती 11 अगस्त की रात को एक होटल में रूके हुए थे। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र ने होटल में एक कमरा बुक कराया। पहले सुरेंद्र होटल में आया जबकि देर शाम को युवती भी होटल के कमरे में आई। सुरेंद्र ने कमरा बुक करने के लिए दोनों का पहचान पत्र दिया। होटल कर्मचारियों के अनुसार दोनों ने खाने-पीने की कोई चीज भी ऑर्डर नहीं की। रात करीब डेढ़ बजे युवती के परिवार के लोग युवती को ढूंढ़ते होटल में पहुंचे और अपनी बेटी के बारे में होटल कर्मचारियों से पूछताछ की। कर्मचारियों ने जब परिवार के लोगों को बताया कि वह यहां रुकी हुई है तो वे गुस्से में आ गए। स्थिति को भांपते हुए पुलिस मौके पर बुलाई गई। युवती के परिजनों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। फिर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो सभी हैरान रह गए। युवक पंखें से लटक रहा था जबकि युवती का शव बेड पर पड़ा था। युवती ने जहर निगला जबकि युवक ने फंदा लगा ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस कड़ी से कड़ी मिलाकर जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं। जांच के बाद ही सुसाइड के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### इंडसइंड बैंक से 1.5 से 2 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन का खुलासा

■ करोड़ों की धोखाधड़ी का पर्दाफाश, साइबर ठगी के बड़े मामले में दूसरा आरोपी धरा

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधों के विरुद्ध फतेहाबाद पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की टीम ने एक बड़े साइबर फ्रॉड मामले में दूसरे आरोपी सुमित पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी लाजपत नगर/शास्त्री नगर, फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इसी मामले में आरोपी विक्रम सिंह को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि इस बारे 25 मई को कोमल कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी खान मोहम्मद, जिला फतेहाबाद द्वारा साइबर पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों विक्रम सिंह और सुमित ने मिलकर धोखाधड़ी से शिकायतकर्ता के नाम पर इंडसइंड बैंक में एक खाता खुलवाया, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिंक करवाया गया।

**पतंग की मांझे की डोर बनी जानलेवा**

# 13 वर्षीय किशोर का गला कटा, सर्जरी से बची जान

■ ऑपरेशन में सामने आया कि डोर से धमनी और नस को गहराई तक काटा था, बल्कि उसकी श्वासनली (ट्रेकिया) भी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी

हरिभूमि न्यूज >> करनाल



स्वतंत्रता दिवस से पहले पतंगबाजी के जुनून ने एक मासूम की जिंदगी को खतरे में डाल दिया। 13 वर्षीय राजदीप सिंह बाइक से निसिंग बस स्टैंड के साथ पढ़ाई कर रही बहन को लेने के लिए गया था। जैसे ही वह थोड़ी दूर तक पहुंचा तो रास्ते में अचानक एक मांझेदार पतंग की डोर उसके गले से उलझ गई। तेज धार वाली डोर ने इतनी तेजी से वार किया कि उसका गला गहराई तक कट गया और वह लहूलुहान हो गया। लोगों ने जब उसे देखा तो तुरंत राजदीप सिंह को नजदीकी सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के तौर पर ड्रेसिंग की, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए उसे तुरंत बड़े अस्पताल में रेफर करने को कहा, ऐसे में युवक को एक निजी अस्पताल करनाल में रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचते ही कान, नाक, गले, के विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनव बंसल और उनकी टीम ने समय गंवाए बिना उसे ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया। ऑपरेशन के दौरान यह सामने आया कि पतंग की डोर ने न केवल उसकी धमनी और नस को गहराई तक काटा था, बल्कि उसकी श्वासनली (ट्रेकिया) भी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। सर्जरी के कई घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन के बाद बच्चे की जान बचाई जा सकी।



### फर्जी अंक तालिकाएं जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी श्याम सुंदर ने मंगलवार को बताया कि यह अभियोग हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के सचिव कृष्ण कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर आरोपी विकास शर्मा निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस दो आरोपियों सुखविंद्र सिंह निवासी भंभूर सिरसा व सीताराम बोला निवासी हरि विष्णु कालोनी सिरसा को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार आरोपी विकास शर्मा ने सिरसा स्थित श्री सांई इंस्टीट्यूट के संचालक सीताराम बोला के साथ मिलकर करीब 45 फर्जी अंक तालिकाएं जारी की।

# 1.70 किलो अफीम सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार




**जींद।** सीआईए की टीम ने सूचना के आधार पर गांव हथो के निकट दो नशा तस्करों को एक किलो 70 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव ढिंढोली निवासी राजेश उर्फ काला, गांव हथो निवासी सुनील कुमार उर्फ शीलू वासी के तौर पर हुई। सीआईए प्रभारी ने बताया कि की टीम सहायक उपनिरीक्षक अवतार सिंह के नेतृत्व में ओवरब्रिज ढाकल के नजदीक गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि ढिंढोली व हथो गांव के दो नशा तस्कर जो अफीम तस्करी का धंधा करते हैं और अब कैथल रोड पर कविता फिलिंग स्टेशन के नजदीक हथो गांव के पास मोटरसाइकिल पर खड़े हैं। सीआईए टीम ने तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया और तत्परता से कारवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी कर बाइक छोड़ कर भागने की कोशिश कर रहे दोनों आरोपितों को काबू कर लिया।

### सांझेदार ने दिल्ली के व्यापारियों के साथ मिलकर की 2.25 करोड़ की धोखाधड़ी

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने सांझेदार द्वारा फर्म में धोखाधड़ी कर दो करोड़ हड़पने पर दर्जन भर लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में एक आरोपित जींद का रहने वाला है जबकि बाकी आरोपित दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटियाला चौक निवासी संदीप कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी एक ट्रेडिंग कंपनी है, जो पोल्ट्री का व्यवसाय करती है। उसकी कंपनी में अमित सांझेदार था। इस कंपनी दिल्ली में लगातार मुर्गे भेजती रही। दिल्ली के शहजाद, सलमान, सोनू, तनवीर, वसीम अंसारी, शोएब, उत्तम कुमार, नदीम, असलम, रामकिशन ने उसकी पेमेंट रोक ली और वह उनके पास लगातार माल सप्लाई करता रहा। संदीप का कहना है कि उसके सांझेदार अमित ने इन लोगों के साथ मिल कर फर्म में धोखाधड़ी की है। शहर थाना पुलिस ने अमित, दिल्ली के शहजाद, सलमान, सोनू, तनवीर, वसीम अंसारी, शोएब, उत्तम कुमार, नदीम, असलम, रामकिशन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### दस रुपये के विवाद में ऑटो चालक को पीटा, दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9ए थाना एरिया में किराए के 10 रुपए को लेकर एक युवक ने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ ऑटो चालक को डंडों से हमला कर दिया। हमले में घायल को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, परिजनों ने उसकी हालत देखते हुए उसे गुडग़ांव के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही सेक्टर-9ए थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### गुमशुदा लड़की के मामले में युवक से मारपीट का आरोप

**नूंह।** नूंह जिला के फिरोजपुर झिरका से 31 जुलाई को लापता हुई एक युवती के मामले में पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। सामाजिक संगठनों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने तावड़ू सीआईए पुलिस पर रिगड़ गांव के एक युवक को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखकर बुरी तरह पिटाई करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को जमीअत उल हिंद संगठन के प्रतिनिधियों सहित कई लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुफ्ती जाहिद हुसैन ने बताया कि पुलिस ने बिना पर्याप्त सबूतों के 6 जुलाई को रिगड़ निवासी अरमान को पकड़ा और तावड़ू सीआईए के हवाले कर दिया। आरोप है कि पूछताछ के नाम पर उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए तीन दिन तक हिरासत में रखा गया और बेरहमी से मारपीट की गई।

हरियाणा सरकार

कपास की खेती के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन पर अनुदान

बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि 20.08.2025



» कपास की अधिक पैदावार व कीटों के बचाव के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन अपनाएं एवं **4000 रुपये तक का अनुदान** पाएं

» सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन की कृषि सामग्री पर 50 प्रतिशत या **2000 रुपये प्रति एकड़,** जो भी कम हो (अधिकतम दो एकड़ तक) पर अनुदान

» किसान कृषि सामग्री चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की समग्र सिफारिशों के अनुसार/अर्धसरकारी/सहकारी समिति या अधिकृत विक्रेता से खरीदकर विभाग के पोर्टल पर अनुदान के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन के बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें

अधिक जानकारी के लिए

टोल फ्री नं० 1800-180-2117 या जिला के उप कृषि निदेशक से सम्पर्क करें या क्यू आर कोड को स्कैन करें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच सोना 1,000 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बिकवाली के चलते मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये टूटकर 1,01,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद कि सोने के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। सोने की कीमतों में गिरावट आई।

# अंबानी परिवार देश का सबसे अमीर कारोबारी घराना, अदाणी को दूसरा स्थान

एजेंसी ▸▸| मुंबई

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाला अंबानी परिवार 28 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ देश का सबसे समृद्ध कारोबारी घराना है जबकि अदाणी परिवार 14.01 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

शोध एवं रैंकिंग फर्म हुरुन ने कारोबारी घरानों की संपत्ति में पिछले एक साल में आए बदलाव पर यह रिपोर्ट बार्कलेज के साथ मिलकर तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 300 सबसे मूल्यवान परिवारों की कुल संपत्ति 140 लाख करोड़ रुपये (1.6 लाख करोड़ डॉलर) से अधिक है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 40 प्रतिशत है। जिंदल परिवार भी 21 प्रतिशत उछाल के साथ 5.70 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ एक स्थान ऊपर चला गया। वहीं, बजाज परिवार संपत्ति में 21 प्रतिशत गिरावट के चलते चौथे स्थान पर खिसक गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 300 कारोबारी परिवारों ने पिछले साल रोजाना औसतन 7,100 करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई।

### अंबानी परिवार की कुल 28 लाख करोड़ की संपत्ति

#### अंबानी परिवार की संपत्ति देश की जीडीपी के 12 फीसदी के बराबर

अकेले अंबानी परिवार की ही संपत्ति देश की जीडीपी के 12 प्रतिशत के बराबर है। पिछले एक साल में अंबानी परिवार की संपत्ति में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ अंबानी परिवार ने देश में सबसे अधिक संपत्ति वाले परिवार के तौर पर अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।



#### कुमार मंगलम बिडला परिवार की संपत्ति 20 फीसदी बढ़ी

वहीं, गौतम अदाणी की अगुवाई वाले अदाणी परिवार को 'पहली पीढ़ी के उद्यमी' के तौर पर शुरू सबसे मूल्यवान पारिवारिक कारोबार का मालिक बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक साल में कुमार मंगलम बिड़ला परिवार की संपत्ति 20 प्रतिशत बढ़कर 6.47 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसी के साथ यह परिवार कई पीढ़ियों वाले कारोबारी घराने की सूची में दूसरे पायदान पर पहुंच गया।

### एक अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले परिवार बढ़कर 161

इस दौरान एक अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले परिवारों की संख्या 37 बढ़कर 161 हो गई है। दिलचस्त बात यह है कि इस सूची में शामिल एक चौथाई से अधिक कारोबार शेयर बाजारों में सूचीबद्ध नहीं हैं। सूची में शामिल 89 प्रतिशत कारोबार भौतिक उत्पादों की बिक्री करते हैं जबकि 11 प्रतिशत सेवाएं प्रदान करते हैं।

## कबाड़ पर अधिक जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान

**नई दिल्ली।** ठोस कचरे के प्रबंधन पर लागू 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाने की सिफारिश करते हुए एक अध्ययन में कहा गया है कि इससे सरकार को सालाना करीब 65,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। साथ ही इससे कबाड़ का पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्रबंधन भी प्रभावित हो रहा है।शोध संस्थान 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट कहती है कि कबाड़ खरीदने-बेचने वाले छोटे कारोबारी 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का बोझ नहीं उठा सकते हैं लिहाजा वे नकद में लेनदेन करते हैं और कर नहीं चुकाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान होता है बल्कि कर चुकाने वाले संगठित कारोबारियों के लिए असंगठित कारोबारियों से प्रतिस्पर्धा कर पाना मुश्किल हो जाता है। रिपोर्ट कहती है कि कबाड़ कारोबार में असंगठित क्षेत्र के इस दबदबे से सालाना करीब 65,000 करोड़ रुपये का जीएसटी नुकसान होता है, जो वर्ष 2035 तक बढ़कर 86,700 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, धातु, प्लास्टिक, ई-कचरा और औद्योगिक उप-उत्पादों पर समान रूप से 18 प्रतिशत कर लगाने से अपशिष्ट पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने के प्रयास कमजोर पड़ते हैं। सीएसई की औद्योगिक प्रदूषण इकाई के कार्यक्रम निदेशक निवित के. यादव ने कहा कि मौजूदा जीएसटी व्यवस्था में नए और पुनर्चक्रित उत्पादों में कोई भेदभाव नहीं होने से पर्यावरण के अनुकूल पुनर्चक्रित उत्पाद महंगे पड़ते हैं।

## खुदरा महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई

# महंगाई से राहत, 8 साल के निचले स्तर पर पहुंची; सस्ता हुआ खाने-पीने का सामान

- जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत मिली है। जुलाई के महीने में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में आई गिरावट की वजह से इस महीने भारत की रिटेल महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत रह गई है। यह बीते आठ सालों में सबसे कम है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है। जुलाई में रिटेल महंगाई इस साल जून के 2.1 प्रतिशत से भी 55 बेसिस पॉइंट कम रही, जो जनवरी 2019 के बाद से रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

### नेगेटिव जोन में आई महंगाई

इस साल जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले कम होकर -1.76 प्रतिशत के नेगेटिव जोन में आ गई। जून के मुकाबले जुलाई में भी खाद्य मुद्रास्फीति में भी 75 बेसिस पॉइंट की गिरावट दर्ज की गई है। जनवरी 2019 के बाद से खाद्य मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में आई इस गिरावट की वजह दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें हैं। मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ऊर्जा संसाधन शामिल नहीं होते। आंकड़ों से संकेत मिलता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक शुल्क के प्रभाव को गैस कीमतों में नरमी और किराया में धीमी वृद्धि आंशिक रूप से संतुलित कर रही हैं। ये आंकड़े अप्रैल में ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए 10 प्रतिशत बुनियादी सीमा शुल्क और चीन एवं कनाडा जैसे देशों पर अधिक आयात शुल्क के असर को भी दर्शाते हैं।

हालांकि, मुद्रास्फीति के लगातार ऊंचे स्तर पर होने से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लिए मुश्किल स्थिति पैदा हो रही है। अप्रैल में शुल्क वृद्धि लागू होने के बाद से नौकरियों में बढ़ोतरी की रफ्तार घटी है। इससे वित्तीय बाजारों में नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ी हैं। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने चेतावनी दी है कि मुद्रास्फीति की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति में ढील देने से बच सकता है।

**खास बातें**

- जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम
- दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें



### ग्रामीण मुद्रास्फीति में भी गिरावट

जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम है। जुलाई में ग्रामीण मुद्रास्फीति जून के 1.72 प्रतिशत से घटकर 1.18 प्रतिशत रही, जबकि शहरी मुद्रास्फीति इसी दौरान 2.56 प्रतिशत से घटकर 2.05 प्रतिशत रह गई। आवास मुद्रास्फीति 3.17 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही, शिक्षा मुद्रास्फीति 4.37 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत हो गई और स्वास्थ्य मुद्रास्फीति एक महीने पहले के 4.38 प्रतिशत से बढ़कर 4.57 प्रतिशत हो गई।

### इन राज्यों में सबसे कम हुई महंगाई

सबसे ज्यादा केरल में महंगाई संयुक्त रूप से कम हुई है, जो 8.89 प्रतिशत दर्ज की गई। उसके बाद जम्मू और कश्मीर (3.77 प्रतिशत), पंजाब (3.53 प्रतिशत), कर्नाटक (2.73 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (2.28 प्रतिशत) का स्थान रहा। इसी के साथ परिवहन एवं संचार मुद्रास्फीति जून के 3.90 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 2.12 प्रतिशत हो गई, जबकि ईंधन एवं प्रकाश मुद्रास्फीति 2.55 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 2.67 प्रतिशत हो गई।

**मेरा किया जो काटे उसे ईनाम**

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की एविएशन एमआरओ फुटप्रिंट का विस्तार हेतु प्राइम एयरो के साथ साझेदारी

अहमदाबाद। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने उद्यम होराइजन एयरो सॉल्यूशंस लिमिटेड के माध्यम से, प्राइम एयरो सर्विसेज के साथ साझेदारी में, भारत की अग्रणी निजी क्षेत्र की एमआरओ प्रदाता, इंडैमर टेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। होराइजन, एडीएसटीएल और इंडैमर टेक्निक्स के निदेशक प्रजय पटेल के स्वामित्व वाली कंपनी प्राइम एयरो के बीच 50-50 की साझेदारी है। नागपुर में एमआईएचएएन विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) में रणनीतिक रूप से स्थित, आईटीपीएल ने 30 एकड़ की भूमि पर एक अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड सुविधा स्थापित की है। इस सुविधा में 10 हैंगरों में 15 विमान रखने की क्षमता है। आईटीपीएल को डीजीसीए, एफएए (यूएसए) और अन्य वैश्विक नागरिक उड्डयन नियामकों द्वारा अनुमोदित किया गया है। कंपनी प्रमुख भारतीय और वैश्विक ग्राहकों को लीज रिटर्न चेक, भारी सी-चेक, संरचनात्मक मरम्मत और विमान पेंटिंग सहित एमआरओ सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है। ''भारतीय विमानन उद्योग ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है और यात्री यातायात के मामले में यह तीसरा सबसे बड़ा उद्योग बन गया है। आने वाले वर्षों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा 1500 से अधिक विमानों को शामिल करने के साथ, हम विमानन क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं।

**सूचना**

मैं, स्नेहलता पत्नी श्री जगमेन्द्र निवासी मकान नंबर 1635, सैक्टर-3, रोहतक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम की स्पैलिंग Sneh Lata दर्ज है और मेरे पैन कार्ड में मेरे नाम की स्पैलिंग Sanch lata दर्ज है। मेरी जन्म तिथि 26.06.1978 है जोकि सही जन्म तिथि है। यह दोनों स्पैलिंग मेरे नाम की हैं अर्थात एक ही औरत के नाम की यह दोनों स्पैलिंग हैं।

**Public Notice**

I, Vikash Sangwan S/o Satbir Singh, R/o Village Nangal, District Bhiwani, Haryana -127201, hereby declare that my father's name has been wrongly mentioned as "Satyavir" in all my official documents. The correct name of my father is "Satbir Singh". This notice is being published for the purpose of public information and official record correction. Vikash Sangwan

**Office of the Executive Engineer, Electrical Inspectorate, Haryana**
**House No. 836, Sector-04, Rohtak**
**(xenceirohtak@gmail.com)**

**Subject:-** Requirement of building for Government Office on rent basis.
Required building for Government office on rent basis for the office of Executive Engineer/ Electrical Inspector to Govt. of Haryana, Rohtak with approximately 1200-1500 sq. ft. covered area in Rohtak. The interested owner may send their proposal addressed to Executive Engineer, Electrical Inspectorate, Haryana, House No. 836, Sector-04, Rohtak in a sealed envelope with details of building/premises along with rent demanded per sq. feet before 27.08.2025.
Executive Engineer Electrical Inspectorate, Haryana Rohtak.
M. 9354679351 Email: xenceirohtak@gmail.com

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | जीन्द जिले में एम.सी. नरवाना में गांव डबलैन से एनजीएम नरवाना तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (रोड आईडी 10121) (माननीय सी.एम. द्वारा की गई बजट घोषणा के तहत)। | बंद होने की तिथि 20.08.2025 | 88.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37589/I/88/6 दि. 12.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बरवाला | एम.सी. बरवाला की नई बिल्डिंग में सभी एक्सेसरीज सहित कांफ्रेंस हॉल के लिए एवी सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना + 1 कार्य। | 11.08.2025 18.08.2025 | 32,79,775/- | https://etenders.hry.nic.in | 7206706460 secymcbarwala@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37593/I/88/6 दि. 12.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | (I) एमडीयू रोहतक में फैकल्टी हाउस में प्रथम तल पर डायनिंग हॉल और वीवीआईपी सुइट के लिए फर्नीचर की आपूर्ति। (II) एमडीयू रोहतक में फैकल्टी हाउस के लिए फर्नीचर अर्थात गार्डन चेयर्स और टेबल्स की आपूर्ति। | 11.08.2025 02.09.2025 | 13.52 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में स्वराज सदन कांफ्रेंस हॉल के मौजूदा साउंड सिस्टम का अपग्रेडेशन और स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल की आपूर्ति व स्थापना। | 11.08.2025 02.09.2025 | 13.38 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37611/I/88/6 दि. 12.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | वार्षिक अनुबंध आधार पर आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार को कोल मिल्स (एच-1103) के स्पेयर्स की आपूर्ति। | 08.08.2025 02.09.2025 | 2,60,76,438/- | https://etenders.hry.nic.in | 9315164637 mm1.rgtpp@hpgcl.org.in |
| 2 | एचपीजीसीएल | 2×600 एमडब्ल्यू, यूनिट-I और II आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार के कोल मिल रिजेक्ट हैंडलिंग सिस्टम का प्रचालन और रखरखाव। | 07.08.2025 08.09.2025 | 3,36,91,464/- | https://etenders.hry.nic.in | 8222023857 xenbmdl.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37587/I/88/6 दि. 12.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | चमाल (एम.सी. सिरसा) में खरीद केन्द्र में हाई मास्ट लाइटिंग स्थापना का प्रावधान, सी.एम. घोषणा कोड 25451 दिनांक 08.03.2020. | 11.08.2025 22.08.2025 | ईएमडी 29,700/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37588/I/88/6 दि. 12.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के तहत वार्ड नं. 20 में हरि सिंह कॉलोनी में जगदीश के मकान से तेजिन्दर सिंह के मकान से सुरेश के मकान और दयावती के मकान तक सीसी गलियों और सुनारियां चौक के निकट शुगर मिल कॉलोनी में विभिन्न गलियों का निर्माण और अन्य विविध कार्य। | 11.08.2025 21.08.2025 | 66.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37592/I/88/6 दि. 12.08.25

## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।


## निवेशकों के सतर्क रुख से सेंसेक्स 368 अंक फिसला

**मुंबई।** मुद्रास्फीति का आंकड़ा आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 368 अंक टूटा जबकि निफ्टी को 98 अंकों का नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 368.49 अंक गिरकर 80,235.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 833.31 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया । निफ्टी भी 97.65 अंक गिरकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सतर्क निवेशक 15 अगस्त को होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता से भी आने वाले संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरकर बंद हुए। हालांकि, मारुति, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में तेजी का रुख देखने को मिला।

## गोल्ड ईटीएफ में जुलाई में निवेश 40 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश जुलाई में इससे पिछले महीने के मुकाबले 40 प्रतिशत घटकर 1,256 करोड़ रुपये रहा। सोने की ऊंची कीमतों, खासकर शुल्क से जुड़ी खबरों को लेकर चिंताओं के कारण इसमें कमी आई। इस गिरावट के बावजूद, जुलाई के आंकड़े लगातार तीसरे महीने सकारात्मक निवेश को दर्शाते हैं। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष जोसेफ ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद इस वक्त निवेशकों के लिए सोने की चाल का अनुमान लगाना मुश्किल है। इस बात को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है कि क्या निवेशक ऊंचे स्तरों पर खरीदारी जारी रखेंगे। जोसेफ ने कहा, ''कई निवेशक बचाव के तौर पर सोने में कुछ निवेश करना चाहते हैं, लेकिन मौजूदा कीमतों को देखते हुए वे सतर्क बने हुए हैं।'' एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार जुलाई में गोल्ड ईटीएफ में 1,256 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जो जून में दर्ज 2,081 करोड़ रुपये से कम है।

## शब्द पहेली - 5957




**बाएँ से दाएं**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 5956 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |



### आवारा कुत्तों को लेकर 'सुप्रीम' फैसले पर राहुल ने कहा

# बेजुबान जीव कोई समस्या नहीं, जिसे मिटाया जा सके, जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली और असपास के इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर ट्वीट किया, दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय और विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछने हटने जैसा है। ये बेजुबान जीव कोई समस्या नहीं हैं, जिन्हें मिटाया जा सके। आश्रय, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रख सकते हैं। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें।



### यह गुस्से में लिया गया फैसलाः मेनका

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इसे गुस्से में लिया हुआ फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इतने सारे कुत्तों को रखने के लिए जगह है ही नहीं।*

### अब्राहम ने सीजेआई को लिखा पत्र

*सीजेआई को जॉन अब्राहम ने लिखा कि दिल्ली में सभी आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाकर आश्रय स्थलों या दूरदराज के क्षेत्रों में ले जाने का निर्देश है। मुझे उम्मीद है कि आप इससे सहमत होंगे कि ये आवारा कुत्ते नहीं हैं, बल्कि कम्युनिटी डॉग हैं। जिन्हें कई लोग सम्मान देते हैं और प्यार करते हैं, और ये अपने आप में दिल्लीवासी हैं, जो पीढ़ियों से इस क्षेत्र में मनुष्यों के पड़ोसी के रूप में रह रहे हैं।*

### आदेश के खिलाफ 'हल्ला बोल' दिल्ली पुलिस ने कराया खत्म

*आवारा कुत्तों को पकड़ने के आदेश के खिलाफ पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल रखा है। पशु अधिकार कार्यकर्ता आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़ने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ इंडिया गेट पर प्रदर्शन करने पहुंचे थे।*

## ईसी ने बंगाल के मुख्य सचिव को किया तलब

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। राज्यभर की राजनीति में



सियासी गर्माहट है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव मनोज पंत को मतदाता सूची संशोधन में कथित अनियमितताओं के आरोपी अधिकारियों को न हटाने के फैसले पर स्पष्टीकरण देने के लिए दिल्ली तलब किया।

## रान्या के पिता आईपीएस रामचंद्र राव बहाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. रामचंद्र राव को नागरिक अधिकार



प्रवर्तन निदेशालय का महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। उनकी सौतेली बेटी और अभिनेत्री रान्या राव की गिरफ्तारी के बाद राव पर लगा 'अनिवार्य अवकाश' का आदेश राज्य सरकार ने वापस ले लिया।

## कार्गो विमान के इंजन में लगी आग, सुरक्षित लैंडिंग

**नई दिल्ली।** चेन्नई में मंगलवार को एक कार्गो विमान के इंजन में अचानक आग गई। पायलट ने



सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया। विमान के उतरने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ये विमान मलेशिया के कुलालुंपुर शहर से आ रहा था।

### एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विपक्ष का हंगामा

# विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके, जमकर नारेबाजी भी की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गई। शाम 4:30 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा होने लगा। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके। इस दौरान भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा- उपनेता (विपक्ष) की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- आपने सदन की गरिमा गिराई है।

देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, नेशनल एंटी-डोपिंक (संशोधन) बिल-2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल-2025 राज्यसभा से पास हो गया। इसके बाद राज्यसभा भी 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

### मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों ने किया बहिर्गमन

*राज्यसभा में मंगलवार को खेल प्रशासन में सुधार से जुड़े दो विधेयक चर्चा करने एवं पारित करने के लिए पेश किए जाने के तुरंत बाद विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर हंगामा किया और फिर सदन से बहिर्गमन कर गए। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आसन की अनुमति से व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि सभी विपक्षी दलों के सदस्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए क्योंकि इसमें दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यकों के बहुत सारे सदस्यों को छोड़ा जा रहा है।*

### रिजिजू ने कहा- विपक्ष ने सदन की गरिमा गिराई





## खरगे ने कहा-एसआईआर पर चर्चा नहीं करवाना संविधान विरुद्ध, नड्डा का पलटवार

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि सरकार एसआईआर के मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं होने दे रही है, जो संविधान के विरुद्ध है, वहीं सदन के नेता जे पी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष की चर्चा में कोई रुचि नहीं है और वह व्यवधान उत्पन्न कर प्रजातंत्र और संसद को 'बंधक' बनाना चाहता है। दो बार के स्थगन के बाद दोपहर बाद तीन बजे जब उच्च सदन की बैठक शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष खरगे ने आसन की अनुमति से व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि सभी विपक्षी दलों के सदस्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए क्योंकि इसमें दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यकों के बहुत सारे सदस्यों को छोड़ा जा रहा है। खरगे ने कहा कि यदि संसद एवं लोकतंत्र को जिंदा रखना है तो इस विषय पर आसन को चर्चा की अनुमति देनी चाहिए।

## लोकसभा में खान और खनिज संशोधन विधेयक, 2025 पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच 'खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। खान और खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए विधेयक पेश किया, जिसे सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। रेड्डी ने चर्चा के जवाब में कहा कि इस विधेयक के माध्यम से खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में छह संशोधन संसद के सामने लाए गए हैं जो खान क्षेत्र के हित में हैं।

### राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक तथा राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारने तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से लाए गए राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 तथा राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंगलवार को संसद की मंजूरी मिल गई। राज्यसभा ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 तथा राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया जो कल लोकसभा में पारित हुए थे। उच्च सदन में इन दोनों विधेयकों पर चर्चा और पारित होने के समय कई विपक्षी दलों के सदस्य मौजूद नहीं थे क्योंकि वे एसआईआर मुद्दे पर सदन से बहिर्गमन कर गये थे।

## मिलावटी दूध के 8,815 मामलों में 36.72 करोड़ का जुर्माना

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को सूचित किया कि 2024-25 के दौरान नकली और मिलावटी दूध से संबंधित 8,815 मामलों में 36.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो पिछले वित्तीय वर्षों की तुलना में वृद्धि दर्शाता है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि दूध में मिलावट को रोकने के लिए व्यस्त और त्योहारी सीजन के दौरान लक्षित कार्रवाई और निगरानी अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में, प्रमुख त्योहारों से पहले विशेष अभियान चलाए गए, जिनमें दिवाली से पहले सितंबर 2024 में और होली से पहले फरवरी 2025 में चलाए गए अभियान शामिल हैं। इन त्योहारों के दौरान दुग्ध उत्पादों की मांग आमतौर पर बढ़ जाती है।

## 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 1.8 लाख के पार

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने गत 30 जून तक 1.8 लाख से ज्यादा कंपनियों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप 'स्टार्टअप इंडिया' कार्य योजना के तहत घोषित आयकर लाभ सहित कई वित्तीय प्रोत्साहनों के पात्र होते हैं। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत के बाद से, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्रदत्त संस्थाओं की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़कर 30 जून 2025 तक 1,80,683 हो गई है।'' उन्होंने बताया कि 'फंड ऑफ फंड फॉर स्टार्टअप्स' (एफएफएस) योजना के तहत समर्थित वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) ने इस साल 30 जून तक 1,282 स्टार्टअप में 23,679 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Supply, dismantling of old tubes, fabrication and erection of new tubes along with trial (Air Pre Heater) of boilers no. 1. | 2025_HBC_464509_1 |
| 2. | Purchase of iron steel. (Tata/SAIL Make). | 2025_HBC_464554_1 |
| 3. | Re-Shelling and De-Shelling of under feed rollers with grooving as per our drawings and specification. | 2025_HBC_464567_1 |
| 4 | Purchase of pipe and pipe fittings. | 25_HBC_464578_1 |
| 5. | Rate contract for dynamic balancing and Thickness Checking related various type of jobs. | 2025_HBC_464582_1 |
| 6. | Contract of chipping, cleaning & painting various jobs of Off season 2025-26. | 2025_HBC_464593_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 18.08.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 19.08.2025 at 9:00 A.M. and the negotiation will be held on 19.08.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,
Sonipat**

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

| क्र सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-13/ 2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्टनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस मेधा मैक (एम. एस. डी.ए. सी) सिस्टम इन राजपुरा सराय बनजारा एण्ड सराय बनजारा साधुगढ ऑटोमेटिक सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन फॉर पीरीयड ऑफ थ्री एयर्स | 08.09.2025 at 15.00 hrs | 12666940.38/- | 213300/- | 36 Months |
| 2 | ओटी-14/ 2025-26 | काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ जी.जी ट्रॉनिक्स मैक डिजिटल ऐक्सल काउन्टरस ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स | 08.09.2025 at 15.00 hrs | 34861412.88/- | 324300/- | 36 Months |
| 3 | ओटी-15/ 2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ आई. पी. एस ऑफ एम/एस स्टेटकान मैक ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स | 08.09.2025 at 15.00 hrs | 11490981.84/- | 207500/- | 36 Months |
| 4 | ओटी-16/ 2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस अनसालड़ो मैक इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम इनएस्टिल्ड एट जे0 पी एस यू के एन डी एन एक्स बी एक्स सी एंड आर पी एच आर स्टेशन ओवर अंबाला डिविजन फॉर पीरीयड ऑफ थ्री एयर्स | 08.09.2025 at 15.00 hrs | 9782098.20/- | 195700/- | 36 Months |
| 5 | ओटी-17/ 2025-26 | एस एण्ड टी वर्क आई सी डब्लू प्रोविजन ऑफ एम एस डी ए सी फॉर रिमूवल ऑफ आर डी एस ओ जॉइंट्स इन डायमंड कॉससिंगस ऑफ ट्रैक सर्किट नंबर 5 बी टी 222ए एंड 222बी टी इन अंबाला यार्ड एण्ड प्रोविजन ऑफ बैलन्स वर्क इन कनेक्शन विद इम्प्रूवमेंट ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चरल फसिलिटीज एट लाइन नंबर 09 वाटर स्प्रिंगकलिंग सिस्टम एन जी टी गाइडलाइंस एट अंबाला केंट गुडस शेड्स | 08.09.2025 at 15.00 hrs | 2349914.89/- | 47000/- | 180 Days |
| 6 | ओटी-18/ 2025-26 | 1. रिप्लेसमेंट ऑफ गर्डर विद पी एस सी स्लैब फॉर बी आर नंबर–01 एट किलो मीटर 1.05 ऑन सर हिन्द दौलतपुरचोक सेक्शन 2. रिप्लेसमेंट ऑफ स्टील गर्डर ब्रिज नंबर 61–ए एट किलो मीटर नंबर 16/13–14 विद पी एस सी स्लैब बी/डब्लू एन जी डब्लू एन एन एम डी ए ऑन सरहिन्द – दौलतपुरचोक सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन 3. कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 नंबर एल एच एस (5एम 5 एम) बाय पुशिंग इन ल्यू ऑफ सी 53 एट किलो मीटर 63/10–11 एंड एल सी 58 एट किलो मीटर 71/6–7 ऑन धुरी–जाखल सेक्शन 4. प्रोविजन ऑफ इन्कीसिंग दा सी एस आर ऑफ मैन लाइन एट संगरूर स्टेशन ऑन धुरी जाखल सेक्शन। | 08.09.2025 at 15.00 hrs | 4585579.73 | 91700/- | 180 Days |

वरि. मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0 डी0आर0एम ऑफिस रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यो हेतु खुली निविदा दशायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। 3 टैन्डर डाकूमैन्ट व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग आन करें 4 निविदाकारो को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सटिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्ट्स में दी गई हिदायतो/शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भाती भाती पढ ले। **संख्या एस डब्लू/सिग/अंबाला/एन आई टी 06/2025–26 दिनांक 11.08.2025**

2459/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## धारा 377 व तीन तलाक का निरस्तीकरण सीबीएसई पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू करना, तीन तलाक एवं राजद्रोह जैसे पुराने कानूनों का निरस्तीकरण तथा धारा 377 को खत्म करना केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 2026-27 शैक्षणिक सत्र से विधि अध्ययन पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीएसई की पाठ्यक्रम समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी और जून में शासी निकाय ने इसे अंगीकार करने का फैसला किया था। इस निर्णय के तहत उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र औपनिवेशिक काल के कानूनों की जगह लेने वाले नए कानूनों के साथ-साथ भारत के कानूनी ढांचे को नया रूप देने वाले ऐतिहासिक निर्णयों एवं सिद्धांतों का अध्ययन करेंगे।

## जांच एजेंसियां वकीलों को तलब कर रहीं, हम सभी नागरिकों के संरक्षक : कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को खुद को देश के सभी नागरिकों का ''संरक्षक'' बताया और मामलों में मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करते समय जांच एजेंसियों द्वारा वकीलों को तलब किए जाने के संबंध में स्वतः संज्ञान मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ''हम देश के सभी नागरिकों के संरक्षक हैं।'' पीठ ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। किसी वकील के किसी अपराध में शामिल होने के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि उसने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें गढ़ने के संबंध में सलाह देने की उनकी सामान्य कार्यप्रणाली से कोई भी विचलन उनकी प्रतिरक्षा को समाप्त कर देगा।

हरियाणा सरकार


# देसी कपास उगाएं, अनुदान पाएं

देसी कपास पर 3000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

अनुदान हेतु 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल
fasal.haryana.gov.in
पर पंजीकरण करें

पंजीकरण 20 अगस्त, 2025 तक

देसी कपास से किस्मों की विविधता बढ़ने के साथ ही कीटों से नुकसान की कम संभावना





अधिक जानकारी के लिए
टोल फ्री नं० 1800-180-2117 या वेबसाइट पर जाएं fasal.haryana.gov.in या क्यू आर कोड को स्कैन करें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## नगरपालिका पूण्डरी

### निविदा आमंत्रण सूचना

| Sr. No | Name of Department | Name of Work | Website of the Dept. | Tender Download Start date | Tender Download End date | Tender opening date | Nodal Officer/ Contact Details |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Pundri | Selection of Agency for Street Sweeping, Drain Cleaning and Bush uprooting at Pundri | etenders. hry.nic.in | 29-Jul-2025 11:00 AM | 28-Aug-2025 11:00 AM | 28-Aug-2025 01:00 PM | Sh. Naresh Kumar, Secretary Email id:- secy-pundri@ulbharyana.gov.in |

हस्ता/– सचिव
नगरपालिका पूण्डरी

चिंतन

# उच्च 'डिजिटेक' उद्योग में मजबूत हो रहा भारत

भारत को डेड इकोनॉमी कहे जाने के बीच केंद्र सरकार ने चार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में ताइवान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया व चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने और प्रतिद्वंद्वी आर्थिक ताकतों को टक्कर देने के लिए भारत तेजी से इस डिजिटल टूल इंडस्ट्री में कदम बढ़ा रहा है। तीन राज्यों ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में चार सेमीकंडक्टर उद्योग लगेंगे, जिस पर 4594 करोड़ रुपये खर्च होंगे। चार प्लांट्स की मंजूरी के साथ अब 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 10 सेमीकंडक्टर प्लांट्स हो गए हैं। ये प्रोजेक्ट्स भारत सेमीकंडक्टर मिशन योजना के हिस्सा हैं। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग में विकास की अपार संभावनाएं हैं। सरकार की नीतियों, घरेलू मांग, और वैश्विक साझेदारी के साथ, भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की राह पर है। अभी भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर निर्भर हैं। दूरसंचार, ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर की मांग लगातार बढ़ रही है। विश्व में अभी जिस प्रकार से टैरिफ वार का दौर चल रहा है और औद्योगिक कलपुर्जे को ट्रेडकूटनीति का हथियार बनाया जा रहा है, उसमें भारत को उच्च तकनीक वाले हर क्षेत्र में महारत, आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। चीन ने दुर्लभ खनिज का निर्यात भारत को रोक दिया, तो अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2023 में लगभग 38 अरब डॉलर का था और 2030 तक 100-110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। भारत, अमेरिका और जापान जैसे देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी कर रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और स्थानीयकरण को बढ़ावा मिलेगा, पर भारत को ताइवान की विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहिए। भारत में 140 करोड़ से अधिक लोगों की आबादी है, जो सेमीकंडक्टर के लिए एक बड़ा घरेलू बाजार प्रदान करती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सेमीकंडक्टर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों की कमी है। भारत ने वर्ष 2021 में सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण और डिज़ाइन पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। भारत के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण का रणनीतिक महत्व है। आगे चलकर उच्च तकनीक वाले उद्योग में सेमीकंक्टर की अहम भूमिका के चलते भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए इस क्षेत्र में मजबूत बनना होगा। आर्थिक विकास को गति देने के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता हासिल करना जरूरी है, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और निर्यात के अवसर खुलेंगे। भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर बाज़ार में 10 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करना है। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लगभग 65-70 फीसदी आयात मुख्य रूप से चीन से) करता है। स्थानीय विनिर्माण क्षमता स्थापित करने से इस निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है, को अपना रहा है जिसमें सेमीकंडक्टर की प्रमुख भूमिका है। देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अग्रणी बनने की क्षमता है।



# शिक्षा नीति से लाभ, चुनौतियां बाकी

पांच वर्ष पूरे
प्रणय कुमार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन समाप्त करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए।

उनतीस जुलाई 2020 को घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। 1968 में दौलत सिंह कोठारी और 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में बनी नीतियों के बाद यह सबसे बड़ा बदलाव है। इसका मसौदा अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में तैयार हुआ और अभूतपूर्व जनभागीदारी से गुज़रा। दो लाख ग्राम पंचायतों, छह हजार ब्लॉकों एवं शहरी निकायों और 676 जिलों से लाखों सुझाव आए। लंबी विचार-प्रक्रिया और गहन विमर्श के बाद यह नीति अपने समय की सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी रूप में सामने आई।

पिछली नीतियां मुख्यतः शिक्षा में समान अवसर और समता पर केंद्रित थीं, लेकिन 2020 की नीति दृष्टिकोण को और गहरा करती है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। अपने देश में विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाना दशकों से चुनौती रहा है। लाखों बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने को विवश होते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए 2030 तक पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 10 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत लक्ष्य तय किया। 'निपुण भारत मिशन' के तहत कक्षा 3 तक के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल 2025 तक सार्वभौमिक बनाने का संकल्प लिया गया है। इस नीति ने प्राथमिक शिक्षा को रोचक और व्यवहारिक बनाने के लिए 'जादुई पिटारा' जैसी पहलें शुरू कीं। कार्ड, कहानियां, दृश्य-श्रव्य सामग्री के ज़रिये बच्चों में सीखने की ललक जगाई। यह सामग्री 22 भाषाओं में ई-प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। पहली बार कक्षा 6 से ही व्यावसायिक, तकनीकी और अन्य कौशलों को औपचारिक शिक्षा का अंग बनाया गया है। अटल नवाचार मिशन के तहत 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हो चुकी हैं, जिन्हें 50,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। डिजिटल संसाधनों का उपयोग इस नीति का मजबूत आधार है। 'पीएम ई-विद्या', 'दीक्षा', 'विद्या समीक्षा केंद्र', 'ई-पाठशाला', 'स्वयं', 'स्वयं प्रभा', 'समर्थ', 'निष्ठा', 'राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय' और 'राष्ट्रीय शैक्षिक भंडार' जैसे मंचों ने गुणवत्ता-युक्त सामग्री गांवों-कस्बों तक पहुंचा दी है। शिक्षकों के प्रशिक्षण और पेशेवर विकास पर भी विशेष बल है। 'राष्ट्रीय पेशेवर मानक' (एनपीएसटी) ने शिक्षक की भूमिका को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-निर्माता के रूप में सशक्त किया है। नीति का मातृभाषा-केंद्रित दृष्टिकोण उल्लेखनीय है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, कला और संस्कृति को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। एनसीईआरटी ने 117 भाषाओं में मातृभाषा और बहुभाषा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव घटाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025-26 से कक्षा 10 की बोर्ड



परीक्षा वर्ष में दो बार देने का विकल्प दिया है। 'परख' नामक समग्र रिपोर्ट कार्ड में अब केवल अंक नहीं, बल्कि नैतिकता, रचनात्मकता, सहयोग और संवेदनशीलता का भी मूल्यांकन होगा। दशकों पुरानी 10+2 प्रणाली को बदलकर 5+3+3+4 की नई संरचना लागू हुई है। कक्षा नर्सरी से 2 तक फॉउंडेशनल चरण, 3 से 5 तक प्रीपरेटरी चरण, 6 से 8 तक मिडिल तथा 9 से 12 तक सेकंडरी चरण में स्कूली शिक्षा को बांटा गया है। विद्यालयी से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाई, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप एवं कौशल के आधार पर क्रेडिट अंक दिए जाते हैं। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर भी विद्यार्थियों के खाते में ये क्रेडेंसिलय बने रहेंगे और बाद में पढ़ाई पुनः आरंभ कर उन्हें बढ़ाया भी जा सकता है। इसी क्रम में चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम में कभी भी प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) और कभी भी निकास (मल्टीपल एग्जिट) की सुविधा दी गई है, जिससे विद्यार्थियों का समय, धन और परिश्रम व्यर्थ न जाए। एक वर्ष की पढ़ाई पर प्रमाणपत्र, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर ऑनर्स और चार वर्ष पर ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री प्राप्त होगी। शोध एवं अनुसंधान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी सीधे चार वर्षीय स्नातक के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा तथा स्टेम शिक्षा में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना (पीएमआरएफ) प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं में अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दुहरी डिग्री और बहुविषयक पढ़ाई को प्रोत्साहन दिया गया है। किसी भी संकाय का पात्र उम्मीदवार उच्च शिक्षा में कोई भी विषय लेकर पढ़ाई कर सकता है। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। भारत के प्रतिष्ठित संस्थान विदेशों में परिसर खोल रहे हैं और विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के भारत आने से विद्यार्थियों को देश में रहकर ही वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, विश्वविद्यालयों के मध्य परिणाम व कार्य-संस्कृति को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का वातावरण बनेगा तथा विदेश जाने की आवश्यकता एवं आर्थिक भार दोनों कम होंगे। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दृष्टि और ऊर्जा का संचार किया है। संरचनात्मक बदलाव लागू हो चुके हैं, नई पुस्तकें और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तैयार हैं, और नामांकन के साथ-साथ सीखने के परिणामों में भी सकारात्मक सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा के नामांकन में भी आशातीत सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा में 2014-15 में जहां 3.4 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत थे, वहीं 2022-23 के आंकड़े के अनुसार 4.46 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत हैं। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन को समाप्त करना, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना सुदृढ़ करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए। वास्तव में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 केवल शिक्षा सुधार का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत को ज्ञान-आधारित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने का विस्तृत खाका है।

(लेखक शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वोकल फॉर लोकल
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत

बीते दिनों अमेरिका ने भारत समेत 70 देशों के निर्यात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। हमारे यहां भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा जारी है। सुखद है कि इन दिनों स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का रुख भी मुखर है। ध्यातव्य है कि इन्हीं दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भी देशवासियों से 'स्वदेशी का संकल्प' लेने और 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि 'भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करना ही होगा। आर्थिक विकास की यह यात्रा तब तक अधूरी है, जब तक देश का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर नेता 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र को आत्मसात नहीं करता।' विचारणीय है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद का केवल आर्थिक पक्ष नहीं है। देश में बने सामान को प्राथमिकता देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने से भी जुड़ा है। अधिकतर परंपरागत उत्पाद भारत के किसी न किसी हिस्से की सांस्कृतिक थाती का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने देश में बने सामान बहुत सी परंपरागत कलाओं सहेजते हैं। स्थानीय उत्पादों की खपत स्थानीय उद्योगों के विकास को भी बल देती है। इनका उपयोग सीधे-सीधे हमारे हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है। दूर-दराज़ के क्षेत्रों में बसे लोगों को भी रोजगार मिलता है। एक अकेले हथकरघा उद्योग से ही देश में 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हर नागरिक को अपने आंगन से और गहराई से जोड़ता है। श्रमशील कारीगरों की मेहनत के प्रति आमजन में मान करने का भाव जगाता है। इसी पहलू को संबोधित कराते हुए पीएम भी जागरूक उपभोक्ता बनने का आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि हम जो भी खरीदें, हमें खुद से पूछना चाहिए, क्या इसे बनाने में किसी भारतीय ने मेहनत की है? अगर यह हमारे लोगों के पसीने से, उनके कौशल से बना है, तो वह उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। समझना कठिन नहीं कि आर्थिक बेहतरी से जुड़ा यह पक्ष हर मोर्चे पर हमारी सांस्कृतिक विरासत के रंगों को पोसने वाला भी है। भारत में आज़ादी के संग्राम से समय से स्वदेशी सामानों की खरीद की वकालत की जाती रही है। बीते कुछ बरसों से चल रही 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम ने देश में बने उत्पादों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया है। नागरिकों में एक दायित्व बोध के भाव को बल दिया है। दशक भर पहले देश में खादी उत्पादों की बिक्री 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम हुआ करती थी। हालिया आंकड़ों के अनुसार यह सवा लाख करोड़ रुपये के करीब है। आमजन की सजगता का ही परिणाम है कि देश में परंपरागत खिलौनों की खरीद भी बढ़ी है। विदेशी खिलौनों की खरीद करीब 70 प्रतिशत घटी है। नई पीढ़ी जीवन के पहले ही पड़ाव मिट्टी, लकड़ी और कपड़े के खिलौनों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो रही है। असल में वोकल फॉर लोकल के अभियान से न केवल स्वदेशी सामानों की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि तकनीक के चलते बहुत से शिल्पकार स्थानीय बाजार के अलावा ऑनलाइन बाजार में भी सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। भारत ही नहीं विदेश में बसे उपभोक्ता भी देश के हर हिस्से की कलात्मक चीज़ें खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि स्वदेशी उत्पादों में परंपरा के रंग ही नहीं नवाचार की रौनक भी जुड़ गई है। परंपरागत व्यवसाय की संस्कृति वाले हमारे देश में यह स्थिति रोजगार, कला, श्रम के सम्मान और सामाजिक-आर्थिक समानता से जुड़े हर पक्ष पर परिवर्तन लाने वाली है। निस्संदेह, स्वदेशी वस्तुओं को भी अपनाने का आह्वान अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के लिए संजीवनी के समान है। 140 करोड़ आबादी वाले हमारे देश में स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देना बड़ा बदलाव ला सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं की सजगता और समझ देश को इस बाजार आधारित परावलंबन से आज़ादी दिला सकती है। भारत के उत्पाद, सेवाएं व विशेष ब्राण्ड का क्रय करना हर तरह की कला और सांस्कृतिक जीवन के संवर्द्धन से जुड़ा है। ऐसे में भारत में बने सामानों की खरीद किसी क्षेत्र में विशेष में कौशल रखने वाले कारीगरों के श्रम को सम्मान देने और अनमोल विरासत को बचाने वाला कदम भी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज असंख्य डॉग लवर्स सोशल मीडिया पर छाए





### आज की पाती

**मिलावट : मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर**

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। *- प्रकाश जैन, धमतरी*

## करंट अफेयर

### न्यूयॉर्क के नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को मनेगा इंडिया डे



न्यूयॉर्क शहर के सबसे लंबे समय से जारी सार्वजनिक नृत्य महोत्सव में इस साल 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका केंद्र बिंदु होगा 'शक्ति', यानी स्त्रीत्व की दिव्य ऊर्जा। दुनिया भर के विभिन्न नृत्य दलों को एक मंच पर लाने वाला 44वां वार्षिक 'बैटरी डांस फेस्टिवल' 12 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महोत्सव में 'इंडिया डे' का आयोजन होगा। इसमें 'शक्ति- दिव्य ऊर्जा' नामक एक कार्यक्रम पेश किया जाएगा, जिसमें वैश्विक कलाकार नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्त्रीत्व के सार और रचनात्मकता को सम्मान देंगे। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'पिछले दो वर्षों में हमने 'पुरुष' यानी पुरुष नर्तकों पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया था और इस साल हमने इसे बदलते हुए 'शक्ति, दिव्य ऊर्जा' पर विशेष जोर दिया है।' 'इंडिया डे' कार्यक्रम को न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और भारतीय स्टेट बैंक, न्यूयॉर्क की ओर से अनुदान के माध्यम से सहयोग प्राप्त है।

## ऑफ बीट

### ओजेम्पिक दवा से नेत्र रोग का जोखिम बढ़ सकता है



'ओजेम्पिक', 'वेगोवी' और 'मौंजारो' जैसी दवाओं ने दुनिया भर में चिकित्सकों द्वारा मधुमेह और मोटापे के प्रबंधन के तरीके को बदलकर रख दिया है। इन दवाओं को सेमाग्लूटाइड और टिरजेपेटाइड के नाम से भी जाना जाता है। ये दवाएं हमारे शरीर में जीएलपी-1 हार्मोन के प्रभाव की तरह ही काम करती हैं। ये दवाएं भूख और भोजन की इच्छा, दोनों को सीमित करती है, जिससे लोगों को वजन कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हालांकि आज (मंगलवार को) प्रकाशित दो नए अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि इन दवाओं को इस्तेमाल करने वाले लोगों में गंभीर नेत्र रोगों और दृष्टि हानि का जोखिम थोड़ा बढ़ सकता है। अगर आप ये दवाएं ले रहे हैं या लेने पर विचार कर रहे हैं, तो आपके लिए यह जानना आवश्यक है। 'नॉन-आर्टेरिटिक एंटीरियर इस्केमिक ऑप्टिक न्यूरोपैथी' (एनएआईओएन) एक असामान्य, लेकिन गंभीर नेत्र रोग है और यह तब होता है, जब ऑप्टिक तंत्रिका में रक्त का प्रवाह अचानक कम हो जाता है या अवरुद्ध हो जाता है। इसे 'नेत्र आघात' भी कहते हैं। इस दुर्लभ बीमारी 'एनएआईओएन' का सटीक कारण अब तक स्पष्ट नहीं है और वर्तमान में इसका उपचार भी उपलब्ध नहीं है।

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर निर्माण



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिसके लिए 4,600 करोड़ रुपये का निवेश स्वीकृत किया गया है। भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### राहुल के झूठ का मकसद




काफी समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर है, तो राहुल गांधी झूठ बोलकर, जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करने को कोशिश कर रहे हैं...' राहुल के हर झूठ का मकसद क्या है, ये जनता बखूबी जान चुकी है!
-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद

### साम्प्रदायिक तनाव रोकें



यू.पी. के ज़िला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिये जिससे वहाँ साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाये तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। ज़रूरत पड़ने पर सख़्त क़दम भी उठाये।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### अधिकार की लड़ाई



आज जब हम चुनाव आयोग से मिलने जा रहे थे, गठबंधन के सभी सांसदों को रोका गया और हिरासत में लिया गया। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### शुभमन ने बेन स्टोक्स और वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा

# गिल ने रचा इतिहास, प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान चार बार हासिल कर बने पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई 2025 के लिए उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। गिल ने इस सम्मान की दौड़ में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा।

### कप्तान के रूप में छाए शुभमन

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को पहली बार भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर खेले गए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। इस सीरीज में गिल ने चार शतक जड़े और कुल 754 रन बनाकर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए।



### चौथी बार पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्हें जनवरी और सितंबर 2023 और फिर फरवरी 2025 में यह सम्मान मिल चुका है। अब जुलाई 2025 में उन्हें यह खिताब मिलने के साथ ही वह इस पुरस्कार को चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

### गिल ने जाहिर की अपनी खुशी

इस सम्मान को लेकर गिल ने कहा, जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह मुझे कप्तान के रूप में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक मेरे लिए इस दौरे का सबसे यादगार लम्हा रहेगा। उनका यह बयान इस बात को दर्शाता है कि वे केवल एक शानदार बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार कप्तान भी हैं।

### गावस्कर के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे

गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज़ में 754 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार भी अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वे केवल 20 रन पीछे रह गए सुनील गावस्कर के अब तक के रिकॉर्ड से।

### महिला खिलाड़ियों की बराबरी की

इस सम्मान को चार बार जीतकर शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज की बराबरी कर ली है, जो पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। गिल अब तक के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने यह कीर्तिमान रचा है।

# सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से, चार विदेशी टीमों सहित 106 टीमें दिखाएंगी हुनर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार अंतरराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयेजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा। वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसइटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25 सितंबर तक किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान तीनों आयु वर्ग में 200 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे।

### टूर्नामेंट से निकलेंगे प्रतिभावान खिलाड़ीः शिवकुमार

एयर मार्शल एस शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा इसमें श्रीलंका और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय टीम भाग लेंगी जो टूर्नामेंट की वैश्विक पहुंच और बढ़ते कद के बारे में बहुत कुछ कहता है। इंडियन टाइगर और टाइग्रेस' प्रतिभा खोज अभियान के हिस्से के रूप में टूर्नामेंट के दौरान जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए सात खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### हम सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहेः दालिमा

भारतीय महिला फुटबॉलर दालिमा छिब्बर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। दालिमा ने कहा, ''यहीं से 2011 में मेरी यात्रा शुरू हुई थी और मुझे इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। यहां बैठकर मेरे लिए जीवन का एक चक्र पूरा हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''हम एक सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### ये रहेगा टूर्नामेंट का शेड्यूल

टूर्नामेंट की शुरुआत जूनियर लड़कियों के वर्ग के साथ 19 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होगी जिसके बाद सब जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले दो सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होंगे। जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले 16 सितंबर से दिल्ली-एनसीआर में खेले जाएंगे।


### चीन में विश्व खेलों में भाग लेने के बाद इटली के खिलाड़ी माटिया डेबर्टोलिस का निधन

**रोम।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी शहर चेंगदू में विश्व खेलों के पैदल ओरिएंटियरिंग स्पर्धा में भाग लेने वाले इटली के खिलाड़ी माटिया डेबर्टोलिस का निधन हो गया। अंतरराष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ के अध्यक्ष टॉम हॉलोवेल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वह 'इस दुखद मृत्यु के दुख की अथाह गहराई को शब्दों में बयां नहीं कर सकते।' विश्व खेलों के आयोजकों ने पहले कहा था कि 29 वर्षीय डेबर्टोलिस पिछले शुक्रवार को पुरुषों की मध्यम दूरी की स्पर्धा में भाग लेते समय बेहोश हो गए थे।

### एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के रास्पाडोरी संग किया करार

**मैड्रिड।** स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे। इस 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपना मेडिकल परीक्षण पास कर लिया और उन्होंने स्पेनिश टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। एटलेटिको ने कहा, ''इटली का यह खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा का धनी है। वह अग्रिम पंक्ति के अलावा मध्य पंक्ति में भी खेल सकता है।''

### रोनाल्डो ने की जॉर्जिना से सगाई...



**वाशिंगटन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी हीरे की अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

### सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहेंगे बिन्नी

**बेंगलुरु।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए लेकिन संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वार्षिक आम बैठक तक बी सी सी आ ई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआइ की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं जो अब राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है। यह उन महासंघों के लिए है जिनकी वैश्विक संस्थाओं में आयु संबंधी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद है।



### डी गुकेश ने ओपेरिन-लिएम को दी शिकस्त

**सेंट लुई।** सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में भारत के डी. गुकेश ने पहले दौर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन से हारने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग को हराकर चार अंक हासिल किए और वेस्ली सो के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचे। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश की रानी बलिदान चाल और दबाव में जीत ने दर्शकों को प्रभावित किया। आने वाले दिनों में उनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें रहेंगी। ग्रैंड चेस टूर के अंतर्गत चल रहे सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के शीर्ष युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मिश्रित प्रदर्शन किया।



# दीप्ति टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गयी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रही।



### सादिया ने गंवाए रेटिंग अंक

सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सिर्फ़ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिये। पाकिस्तान महिला टीम इस श्रृंखला को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है।

### हरमनप्रीत कौर टॉप 10 के करीब पहुंचीं

टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक खब्बू बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।




## आसिम मुनीर की गीदड़भभकी पर भड़के सांसद

# विदेशी मामलों की संसदीय स्थायी समिति भी सरकार की राय से सहमत
# कहा- पाक की एटमी हमले की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर की परमाणु हमले की धमकी पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर एक सवाल पूछा गया था और विदेश सचिव ने जवाब में कहा कि हम इसे कभी गंभीरता से नहीं लेते। भारत इस तरह की परमाणु ब्लैकमेल को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। यह देखना दुखद था कि मुनीर ने ऐसा बयान उस देश की जमीन पर खड़े होकर दिया, जो हमारा अच्छा मित्र है। शशि थरूर ने कहा, अगर (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन से बैठक के बाद यूक्रेन के साथ भी बातचीत होती है, तो हमें रूस से तेल खरीदने के कारण जो दूसरा 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है, वह हटा दिया जाएगा, क्योंकि वह टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में लगाया गया था।

**अमेरिका के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण**

**व्यापार एक हिस्सा, कई मुद्दों पर दोनों देश संपर्क में**

### समिति सरकार की राय से सहमत



*कांग्रेस सांसद और विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर ने कहा कि इस मुद्दे पर विदेश मामलों की स्थायी समिति में चर्चा हुई। थरूर ने कहा विदेश मंत्रालय ने पहले ही पाकिस्तान की परमाणु धमकी को खारिज कर दिया है और समिति ने भी उसी विचार को साझा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे विदेश सचिव ने साफ कहा है कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसमें व्यापार केवल एक हिस्सा है, लेकिन हम कई मुद्दों पर लगातार संपर्क में हैं। वाणिज्य सचिव ने भी हमें इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हमारे सदस्यों को सभी जरूरी स्पष्टीकरण दिए।*

**विदेश मामलों की समिति को दी जानकारी**

*बता दें, सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी विदेश मामलों पर बनी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में विदेश मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रतिनिधि सांसदों को भारत की वर्तमान विदेश नीति के घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और टैरिफ से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी।*

*एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी की दो टूक*

### सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे मुनीर

वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर की टिप्पणियों की तुलना सड़कछाप आदमी से की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आर्मी चीफ के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब अमेरिका से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे हैं। मोदी सरकार को विदेश मंत्रालय के बयान की तरह राजनीतिक जवाब देना चाहिए।



**रक्षा बजट बढ़ाए सरकार**

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य मंशा को जानते हुए भारत को अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से रक्षा के लिए कम बजटीय आवंटन अब और जारी नहीं रह सकता। हमें बेहतर तैयारी करने की जरूरत है।

**मिथुन चक्रबर्ती की भुट्टो को दो टूक**

### हमारी खोपड़ी सनक गई फिर ब्रह्मोस चलेगा

मिथुन चक्रबर्ती ने कहा है कि पाकिस्तान के नेता भारत विरोधी बातें करते रहेंगे और हमारी खोपड़ी सनक गई फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। चक्रबर्ती ने सिंधु का पानी बहाल करने को लेकर पाकिस्तान की धमकियों पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान की जनता के लिए हमें कुछ नहीं कहना है। पाकिस्तान की जनता अच्छे लोग हैं। लेकिन उनके नेता अगर ऐसे ही बोलते रहेंगे तो हमारा माथा खराब हो जाएगा। फिर ब्रह्मोस चलेगा।



## खबर संक्षेप

### एलन मस्क का तोहफा! ग्रोक4 सभी के लिए फ्री

**न्यूयॉर्क।** चैटजीपीटी 5 के लॉन्च के एलन मस्क ने एक शानदार तोहफा देते हुए ग्रोक4 को सभी यूजर्स के लिए मुफ्त कर दिया है। हालांकि ऐसा सीमत समय के लिए किया गया है। इस बारे में एक्सएआई की ओर से घोषणा की गई है। एक्सएआई ने ऐसा हाल ही में लॉन्च हुए चैटजीपीटी 5 से मुकाबला करने के लिए किया है।




### भारत और चीन के बीच जल्द शुरू होंगी सीधी उड़ान सेवाएं!

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की बढ़ती चुनौती के बीच पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से जारी एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने में जुटे भारत और चीन के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। जल्द ही यानी अगले सितंबर महीने की शुरुआत में ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी विमानन क्षेत्र की कंपनियों को छोटी अवधि में चीन के लिए उड़ानों के संचालन के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है।

## वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में दी जानकारी

# अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर 'चर्चा अभी भी जारी'

**भारत ने भी लगाया रेसिप्रोकल टैक्स**

**जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार अभी भी वॉशिंगटन के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा में शामिल है, जिसका उद्देश्य टैरिफ स्थिरता और दीर्घकालिक व्यापार पूर्वानुमान के माध्यम से व्यापार और निवेश का विस्तार करना है। भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त, 2025 से भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की एडिशनल शुल्क दर लागू की गई है।

**व्यापार समझौता वार्ता के अब तक पांच दौर हो चुके**

***सरकार सभी वर्गों की रक्षा और कल्याण को महत्व दे रही***



### अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ प्रभाव का आकलन कर रहे

*जितिन प्रसाद के अनुसार, उत्पाद विभेदीकरण, मांग, गुणवत्ता और कॉन्ट्रैक्चुअल अरेंजमेंट जैसे विभिन्न कारकों का संयोजन, कपड़ा क्षेत्र सहित भारत के निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को निर्धारित करेगा।सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव के आकलन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग के सभी वर्गों के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है।*

### ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे

जितिन प्रसाद ने कहा कि हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाजार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर उन कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है जो कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।

### मार्च 2025 में शुरू की गई थी वार्ता

केंद्रीय राज्य मंत्री के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम 14-18 जुलाई को वाशिंगटन, डीसी में हुआ था।

### ट्रंप का ऐलान, गोल्ड पर नहीं लगेगा टैरिफ

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (11 अगस्त) को कहा कि गोल्ड पर किसी तरह का टैरिफ नहीं लगेगा। इससे पहले अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा था कि गोल्ड पर भारी टैक्स लग सकता है।*

**प्रियंका के आरोपों पर इजराइल का पलटवार**

## आपकी 'ढकोसलेबाजी' शर्मनाक लोगों की मौत का कारण हमास



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में पत्रकारों की मौत को लेकर आरोप लगाने पर प्रियंका गांधी को इजराइल ने जवाब दिया है। प्रियंका गांधी के पोस्ट पर जवाब देते हुए भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने लिखा कि आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक है। इजराइल ने 25,000 हमास आतंकियों को मार गिराया है। उन्होंने आम नागरिकों की मौतों के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया। राजदूत ने कहा कि आम लोगों के मौत की बड़ी वजह हमास की घिनौनी रणनीति का नतीजा है। यह निकासी या सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे लोगों पर हमास की गोलीबारी और रॉकेट हमलों के कारण हुआ है।

- गाजा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया
- हमास के आंकड़ों पर विश्वास न करें

### इजराइल नरसंहार कर रहा: प्रियंका

*इससे पहले प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि इजराइल नरसंहार कर रहा है। उसने 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18,430 बच्चे थे। उसने सैकड़ों लोगों को भूख से मार डाला है। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। लाखों लोगों को भूख से मरने का खतरा है। इन अपराधों को चुपचाप और निष्क्रियता से बढ़ावा देना अपने आप में एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत सरकार इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के लोगों पर इस तबाही को ढाए जाने के दौरान चुप बैठी है। प्रियंका ने यह भी कहा था कि अल-जजीरा के पांच पत्रकारों की निर्मम हत्या फलस्तीनी धरती पर किया गया एक और जघन्य अपराध है।*

### अमेरिका ने चीन को टैरिफ पर दी 90 दिन की मोहलत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ चल रही व्यापारिक लड़ाई में बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने चीन को टैरिफ पर 90 दिनों की मोहलत दी है। यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब उन्होंने भारत के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया हुआ है। यह विरोधाभास ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी का महत्वपूर्ण पहलू है। भारत पर अपने रुख पर ट्रंप ने कहा था, 'कोई और इतना सख्त नहीं होता और मैं वहां नहीं रुका।'

JINDAL STEEL

## जिन्दल स्टील लिमिटेड

(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: investorcare@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteel.com

jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

**सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47**
**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(शेयरों और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2025 | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2025 | समाप्त तिमाही 30 जून 2024 | समाप्त वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 12,324.88 | 13,254.94 | 13,652.33 | 49,932.48 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 2,017.88 | 1,301.26 | 1,859.05 | 5,573.00 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 2,017.88 | 71.81 | 1,859.05 | 4,343.55 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 1,495.97 | (303.59) | 1,337.92 | 2,845.68 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 1,549.61 | (405.02) | 1,466.41 | 2,608.84 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) | 101.75 | 101.18 | 101.18 | 101.18 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | – | – | – | 47,083.70 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | |
| | बेसिक : | 14.73 | (3.35) | 13.31 | 27.83 |
| | डायल्युटेड : | 14.73 | (3.35) | 13.31 | 27.83 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट (**www.bseindia.com / www.nseindia.com**) के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट (**www.jindalsteel.com**) पर उपलब्ध है और निम्नलिखित क्विक रेस्पोन्स कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. इन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 12 अगस्त 2025 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 12 अगस्त, 2025 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

**स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े** (रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2025 | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2025 | समाप्त तिमाही 30 जून 2024 | समाप्त वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | टर्नओवर | 12,436.27 | 13,086.59 | 12,865.35 | 48,932.41 |
| 2 | कर से पूर्व लाभ/(हानि) | 2,196.57 | 174.74 | 1,974.80 | 4,847.08 |
| 3 | कर के बाद लाभ/(हानि) | 1,623.90 | 107.53 | 1,456.54 | 3,621.18 |

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 अगस्त 2025

बोर्ड के आदेशानुसार
सब्यासाची बंद्योपाध्याय
पूर्णकालिक निदेशक

## अनुसंधान में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा भारत : प्रधानमंत्री मोदी

**मुंबई (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत अनुसंधान में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है और देश अंतरराष्ट्रीय सहयोग की शक्ति में विश्वास करता है। मुंबई में खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भारत में परंपरा और नवाचार का मेल है। मोदी ने कहा, "भारत के पास दुनिया की सबसे ऊंची खगोलीय वेधशालाओं में से एक लद्दाख में स्थित है। तारों पर अध्ययन करने के लिए यह वेधशाला समुद्र तल से 4,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की शक्ति में विश्वास करता है।"



### मोदी ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से बात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया। प्रधानमंत्री ने मिर्जियोयेव के साथ अपनी फोन वार्ता को "सार्थक" बताया। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की तथा भारत-उज्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की।"

### भारत को अपने पानी की एक बूंद भी छीनने नहीं देगा पाक : शरीफ

**इस्लामाबाद (भाषा)।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान के पानी की एक बूंद भी छीनने नहीं दी जाएगी। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल था। प्रधानमंत्री शरीफ ने यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आज दुश्मन को बताना चाहता हूं कि अगर आप हमारा पानी रोकने की धमकी देते हैं तो यह बात ध्यान में रखें कि आप पाकिस्तान के पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकते।" उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भारत ने ऐसी कोई कार्रवाई की तो आपको फिर ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि आपको पछताना पड़ेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25